# UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2018

सीरीज-FA

## व्याख्यात्मक हल सहित प्रश्न-पत्र

प्रथम पाली

परीक्षा तिथि-22.12.2018

## हिन्दी परिज्ञान एवं लेखन योग्यता

**1. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए। अपने प्रिय जनों से रहित राज्य किस काम का? प्यारी मनुष्य-जाति का सुख ही जगत के मंगल का मूल साधन है। बिना उसके सुख के अन्य सारे उपाय निष्फल हैं। धन की पूजा से ऐश्वर्य, तेज, बल और पराक्रम नहीं प्राप्त होने का। चैतन्य आत्मा की पूजा से ही ये पदार्थ प्राप्त होते हैं। चैतन्य-पूजा ही से मनुष्य का कल्याण हो सकता है। समाज का पालन करने वाली दूध की धारा जब मनुष्य के प्रेममय हृदय, निष्कपट मन और मित्रतापूर्ण नेत्रों से निकलकर बहती है, तब वही जगत में सुख के खेतों को हरा-भरा और प्रफुल्लित करती है और वही उनमें फल भी लगाती है।**

**1. किससे रहित राज्य किस काम का?**

(a) भद्रजनों से (b) श्रेष्ठजनों से

(c) प्रियजनों से (d) शिक्षित जनों से

**उत्तर—(c)**

गद्यांश की प्रथम पंक्ति में स्पष्ट रूप से उल्लिखित है कि अपने प्रियजनों से रहित राज्य किस काम का?

**2. 'जगत' का अर्थ है—**

(a) समाज (b) संसार

(c) देश (d) प्रदेश

**उत्तर—(b)**

'जगत' का अर्थ है- 'संसार'।

**3. 'निष्फल' का आशय है—**

(a) अधूरा (b) फलदायी

(c) सार्थक (d) व्यर्थ

**उत्तर—(d)**

'निष्फल' का आशय है- 'व्यर्थ'।

**4. 'सुख के खेतों को हरा-भरा और प्रफुल्लित' करने का अर्थ है—**

(a) जीवन को सुखमय बनाना

(b) जीवन को दुखमय बनाना

(c) खेतों की सिंचाई करना

(d) जीवन को संकट में डालना

**उत्तर—(a)**

'सुख के खेतों को हरा-भरा और प्रफुल्लित' करने का अर्थ है- 'जीवन को सुखमय बनाना'।

**5. निम्न में दीर्घ स्वर है—**

(a) इ (b) ई

(c) ए (d) ऐ

**उत्तर—(b)**

आ, ई, ऊ दीर्घ स्वर हैं। अ, इ, ऊ, ऋ ह्रस्व स्वर हैं। ए, ऐ, ओ, औ संयुक्त स्वर हैं।

**6. निम्न में अन्तःस्थ व्यंजन कौन-सा है?**

(a) ग (b) ज

(c) व (d) स

**उत्तर—(c)**

य, र, ल, व अन्तःस्थ व्यंजन हैं। श, ष, स, ह ऊष्म व्यंजन हैं। 'ग' एवं 'ज' स्पर्श व्यंजन हैं।

**7. निम्न में अल्पप्राण व्यंजन कौन-सा है?**

(a) ख (b) ग

(c) घ (d) ठ

**उत्तर—(b)**

'ग' अल्पप्राण व्यंजन है। जिन व्यंजनों के उच्चारण में श्वास अल्प मात्रा में निकले और जिनमें 'हकार' जैसी ध्वनि नहीं होती, उन्हें अल्पप्राण व्यंजन कहते हैं। प्रत्येक वर्ग का पहला (क, च, ट, त, प), तीसरा (ग, ज, ड, द, ब), पाँचवाँ (ङ, ञ, ण, न, म) वर्ण और अन्तःस्थ (य, र, ल, व) व्यंजन अल्पप्राण व्यंजन हैं।

**8. निम्न में घोष वर्ण कौन-सा है?**

(a) ज (b) क

(c) च (d) ट

**उत्तर—(a)**

'ज' घोष वर्ण है। नाद की दृष्टि से जिन व्यंजन वर्णों के उच्चारण से स्वरतन्त्रियाँ झंकृत होती हैं, वे घोष वर्ण कहलाते हैं। प्रत्येक वर्ग का तीसरा (ग, ज, ड, द, ब), चौथा (घ, झ, ढ, ध, भ), पाँचवाँ (ङ, ञ, ण, न, म) वर्ण, सभी स्वर वर्ण, य, र, ल, व और ह घोष वर्ण हैं।

ROJGAR With ANKIT

**9. निम्न में ओष्ठ्य वर्ण कौन-सा है?**

(a) अ (b) आ

(c) इ (d) उ

**उत्तर—(d)**

'उ' ओष्ठ्य वर्ण है। दोनों ओठों के स्पर्श से बोले जाने वाले वर्ण 'ओष्ठ्य वर्ण' कहलाते हैं। जैसे, उ, ऊ, प वर्ग (प, फ, ब, भ, म)। अ, आ कण्ठ्य वर्ण और इ, ई तालव्य वर्ण हैं।

**10. निम्न में योगरूढ़ शब्द है—**

(a) पीला (b) जलज

(c) पर (d) दूधवाला

**उत्तर—(b)**

'जलज = जल + ज' का अर्थ है 'जल से (में) उत्पन्न'। किंतु इससे 'कमल' का अर्थ लिया जाएगा। अतः 'जलज' शब्द योगरूढ़ है। ऐसे शब्द, जो यौगिक तो होते हैं, किंतु अर्थ के विचार से अपने सामान्य अर्थ को छोड़कर विशेष अर्थ के परिचायक हैं, योगरूढ़ कहे जाते हैं।

**11. 'महोत्सव' का सन्धि विच्छेद होगा—**

(a) मह + उत्सव (b) महि + उत्सव

(c) महा + उत्सव (d) मही + उत्सव

**उत्तर—(c)**

'महोत्सव' का सन्धि विच्छेद 'महा + उत्सव' (आ + उ) है। इसमें गुण स्वर सन्धि है। इस सन्धि के नियमानुसार यदि अ या आ के बाद इ या ई, उ या ऊ और ऋ आए, तो दोनों मिलकर ए, ओ तथा अर् हो जाते हैं।

**12. 'बैलगाड़ी' में समास है—**

(a) द्वन्द्व (b) द्विगु

(c) अव्ययीभाव (d) तत्पुरुष

**उत्तर—(d)**

'बैलगाड़ी' का समास विग्रह है 'बैल की गाड़ी'। इसमें तत्पुरुष समास है। इस समास में उत्तर पद प्रधान होता है।

**13. 'आगमन' में उपसर्ग है—**

(a) आ (b) अ

(c) आग (d) मन

**उत्तर—(a)**

'आगमन' में 'आ' उपसर्ग है। 'आ' उपसर्ग का अर्थ है- सीमा, ओर, समेत, कमी, विपरीत। इस उपसर्ग से निर्मित अन्य शब्द हैं आकाश, आकर्षण, आरम्भ, आक्रमण, आचरण, आजीवन।

**14. 'रसोइया' में प्रत्यय है—**

(a) या (b) इया

(c) आ (d) रस

**उत्तर—(b)**

'रसोइया' में 'इया' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है।

**15. निम्न में कौन-सा शब्द तत्सम है?**

(a) क्षेत्र (b) गधा

(c) गाय (d) घर

**उत्तर—(a)**

'क्षेत्र' शब्द तत्सम है, जिसका तद्भव 'खेत' है। गधा, गाय एवं घर तद्भव शब्द हैं, जिनके तत्सम क्रमशः गर्दभ, गो और गृह हैं।

**16. निम्न में कौन-सा शब्द तद्भव है?**

(a) यौवन (b) निर्झर

(c) जीभ (d) स्थान

**उत्तर—(c)**

'जीभ' शब्द तद्भव है, जिसका तत्सम 'जिह्वा' है।

**17. निम्न में कौन-सा शब्द देशज है?**

(a) गोबर (b) घोड़ा

(c) हल्दी (d) कटोरा

**उत्तर—(d)**

'कटोरा' शब्द देशज है। वे शब्द जो विभिन्न बोलियों या भारतीय भाषाओं से हिंदी में आये हैं, या जिनका स्रोत अज्ञात है, उन्हें देशज शब्द कहा जाता है। जैसे-जूता, कटोरा, खिचड़ी, पगड़ी, डिबिया, तेंदुआ आदि।

**18. निम्न में कौन-सा शब्द विदेशी है?**

(a) टिकट (b) मध्य

(c) मयूर (d) वचन

**उत्तर—(a)**

'टिकट' शब्द अंग्रेजी भाषा का शब्द है। अतः यह शब्द विदेशी है। 'मयूर' शब्द तत्सम है, जिसका तद्भव 'मोर' है।

**19. निम्न में संज्ञा शब्द है—**

(a) हरा (b) पतला

(c) सभा (d) गहरा

**उत्तर—(c)**

जिस संज्ञा से वस्तु अथवा व्यक्ति के समूह का बोध हो, उसे 'समूहवाचक संज्ञा' कहते हैं। जैसे-सभा, दल, गिरोह, गुच्छा, कुंज, मण्डल आदि।

**20. निम्न में सर्वनाम शब्द है—**

(a) नींद (b) रोग

(c) सफाई (d) कौन

**उत्तर—(d)**



ROJGAR With ANKIT

'कौन' सर्वनाम शब्द है। किसी भी संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले विकारी शब्द सर्वनाम कहलाते हैं। हिंदी में कुल ग्यारह (11) सर्वनाम हैं- मैं, तू, आप, यह, वह, जो, सो, कोई, कुछ, कौन, क्या।

**21. निम्न में विशेषण शब्द है—**

(a) लड़कपन (b) उचित

(c) कठोरता (d) घबराहट

**उत्तर—(b)**

'उचित' शब्द विशेषण है। यह गुणवाचक विशेषण है। जिस शब्द से संज्ञा की गुण, दशा, स्वभाव आदि लक्षित हो, उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं।

**22. निम्न में प्रेरणार्थक क्रिया है—**

(a) उठना (b) चमकना

(c) गिराना (d) देना

**उत्तर—(c)**

'गिराना' प्रेरणार्थक क्रिया है, जिन क्रियाओं से इस बात का बोध हो कि कर्ता स्वयं कार्य न कर किसी दूसरे को कार्य करने के लिए प्रेरित करता है, वे प्रेरणार्थक क्रियाएं कहलाती हैं।

**23. निम्न में अव्यय है—**

(a) उत्तर (b) ठीक

(c) जापान (d) कृष्णा

**उत्तर—(b)**

प्रश्नगत विकल्पों में 'ठीक' अव्यय है। ऐसे क्रिया विशेषण, जो किसी दूसरे शब्दों के मेल से नहीं बनते, 'मूल क्रिया विशेषण' कहलाते हैं। जैसे-ठीक, दूर, अचानक, फिर, नहीं।

**24. 'पक्षी' का पर्यायवाची है—**

(a) भूधर (b) मीन

(c) वृन्द (d) विहग

**उत्तर—(d)**

'पक्षी' का पर्यायवाची 'विहग' है। पक्षी के अन्य पर्यायवाची हैं - खग, पखेरू, परिंदा, अंडज आदि। 'भूधर, पर्वत और 'मीन' मछली का पर्यायवाची है।

**25. 'जटिल' का विलोम होगा—**

(a) सरल (b) कठिन

(c) कुटिल (d) टेढ़ा

**उत्तर—(a)**

'जटिल' का विलोम 'सरल' है। 'कुटिल' का भी विलोम सरल है।

**26. 'जो देने योग्य है' के लिए एक शब्द है—**

(a) गेय (b) देय

(c) पेय (d) दान

**उत्तर—(b)**

'जो देने योग्य है' के लिए एक शब्द 'देय' है। 'जो गाने योग्य है' के लिए एक शब्द 'गेय' और 'जो पीने योग्य है' के लिए एक शब्द 'पेय' है।

**27. 'दिन-दीन' शब्द युग्म का सही अर्थ है—**

(a) दिवस-गरीब

(b) गरीब-दिवस

(c) सुबह-गरीब

(d) दोपहर-गरीब

**उत्तर—(a)**

'दिन-दीन' शब्द का सही अर्थ है- 'दिवस-गरीब'।

**28. निम्न में कौन-सा शब्द अनेकार्थक है?**

(a) साहस (b) पुस्तक

(c) अम्बर (d) बालक

**उत्तर—(c)**

'अम्बर' शब्द अनेकार्थक है। अम्बर के अर्थ हैं-वस्त्र, आकाश, कपास, मेघ आदि।

**29. निम्न में वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है—**

(a) पुज्य (b) परिक्षण

(c) प्रान (d) परीक्षा

**उत्तर—(d)**

'परीक्षा' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। पुज्य, परिक्षण एवं प्रान अशुद्ध वर्तनी वाले शब्द हैं, जिनके शुद्ध रूप क्रमशः पूज्य, परीक्षण तथा प्राण हैं।

**30. निम्न में वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द है—**

(a) प्रादेशिक (b) माधुर्य

(c) व्याप्त (d) प्रमाणिक

**उत्तर—(d)**

'प्रमाणिक' वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द है, जिसका शुद्ध रूप 'प्रामाणिक' है।

**31. निम्न में अधिकरण कारक का परसर्ग कौन-सा है?**

(a) पर (b) ने

(c) को (d) से

**उत्तर—(a)**

अधिकरण कारक का परसर्ग 'में, पर' होता है। कर्ता कारक का परसर्ग 'ने' कर्म कारक का परसर्ग 'को', करण कारक का परसर्ग 'से' सम्प्रदान कारक का परसर्ग 'को, के लिए' और अपादान कारक का परसर्ग 'से' (अलगाव अर्थ में) है।

ROJGAR With ANKIT

**32. निम्न में पुल्लिंग शब्द कौन-सा है?**

(a) क्षमा (b) घटना

(c) क्षेत्र (d) रीति

**उत्तर—(c)**

'क्षेत्र' पुल्लिंग शब्द है, जबकि क्षमा, घटना एवं रीति स्त्रीलिंग शब्द हैं।

**33. निम्न में स्त्रीलिंग शब्द कौन-सा है?**

(a) दुख (b) गरिमा

(c) लेख (d) स्पर्श

**उत्तर—(b)**

'गरिमा' स्त्रीलिंग शब्द है, जबकि दु:ख, लेख एवं स्पर्श पुल्लिंग शब्द हैं।

**34. किसका प्रयोग सदैव बहुवचन में होता है?**

(a) दर्शन (b) नारी

(c) लता (d) गाय

**उत्तर—(a)**

दर्शन, लोग, प्राण, आँसू, दाम, ओंठ आदि का प्रयोग सदैव बहुवचन में होता है। नारी का बहुवचन नारियाँ, लता का बहुवचन लताएँ और गाय का बहुवचन गायें होता है।

**35. निम्न में भूतकाल का उदाहरण है—**

(a) मैं जाता हूं।

(b) राम घर गया था।

(c) वह आ रहा है।

(d) वह पुस्तक पढ़ेगा।

**उत्तर—(b)**

'राम घर गया था।' यह वाक्य भूतकाल का उदाहरण है। 'मैं जाता हूं।' और 'वह आ रहा है।' वर्तमान काल के उदाहरण हैं। 'वह पुस्तक पढ़ेगा।' भविष्यकाल का उदाहरण है।

**36. निम्न में भाववाच्य है—**

(a) मोहन पुस्तक पढ़ता है।

(b) श्याम पत्र लिखता है।

(c) मोहन से बैठा नहीं जाता।

(d) पत्र लिखा जाता है।

**उत्तर—(c)**

'मोहन से बैठा नहीं जाता।' वाक्य में भाववाच्य है। क्रिया का वह रूपांतर जिससे वाक्य में क्रिया अथवा भाव की प्रधानता का बोध हो, भाववाच्य कहलाता है।

**37. निम्न में कौन-सा वाक्य मिश्र वाक्य है?**

(a) विद्वान सब जगह पूजा जाता है।

(b) अच्छा लड़का माता-पिता की आज्ञा मानता है।

(c) वह पुस्तक राम की थी।

(d) जब सवेरा हुआ, तब हम लोग बाहर गए।

**उत्तर—(d)**

'जब सवेरा हुआ, तब हम लोग बाहर गए।' वाक्य मिश्र (मिश्रित) वाक्य है। जिन वाक्यों में एक प्रधान (मुख्य) उपवाक्य हो और अन्य आश्रित (गौण) उपवाक्य हों तथा जो आपस में कि, जो, क्योंकि, जितना, उतना, जैसा, वैसा, जब, तब, जहां, वहां, जिधर, उधर, अगर, यदि, तो, यद्यपि, तथापि आदि से जुड़े हों, उन्हें मिश्रित वाक्य कहते हैं।

**38. 'मैंने विद्यालय जाना है'। वाक्य में अशुद्ध अंश है—**

(a) मैंने

(b) विद्यालय

(c) जाना

(d) है।

**उत्तर—(a)**

प्रश्नगत वाक्य में 'मैंने' का प्रयोग अशुद्ध है। 'मैंने' के स्थान पर 'मुझे' का प्रयोग किया जाना चाहिए।

**39. प्रश्न चिह्न कौन-सा है?**

(a) । (b) ?

(c) ! (d) ;

**उत्तर—(b)**

प्रश्नगत विकल्पों में (?) प्रश्न चिह्न (प्रश्नवाचक चिह्न) है, जबकि (।) पूर्णविराम चिह्न, (!) विस्मयादि बोधक चिह्न और (;) अर्द्धविराम चिह्न है।

**40. 'आसमान फट जाना' मुहावरे का सही अर्थ है—**

(a) असंभव काम होना

(b) बहुत शोर करना

(c) चुगली करना

(d) अचानक आफत आ पड़ना

**उत्तर—(d)**

'आसमान फट जाना' मुहावरे का सही अर्थ है'- अचानक आफत आ पड़ना'।

**41. 'स्वावलंबी होने' के लिए सही मुहावरा है—**

(a) पौ बारह होना

(b) पानी फेर देना

(c) पैरों पर खड़ा होना

(d) फूँक-फूँक कर पैर रखना

**उत्तर—(c)**

'स्वावलंबी होने' के लिए सही मुहावरा' पैरों पर खड़ा होना' है।

ROJGAR With ANKIT

**42. 'बोये पेड़ बबूल के आम कहाँ से होय' लोकोक्ति का सही अर्थ है—**

(a) कर्म के अनुसार फल नहीं मिलता

(b) जैसा कर्म करोगे वैसा फल मिलेगा

(c) कर्म और फल का कोई संबंध नहीं

(d) कर्म करो फल, की इच्छा मत करो

**उत्तर—(b)**

'बोये पेड़ बबूल के आम कहाँ से होय' लोकोक्ति का अर्थ है - 'जैसा कर्म करोगे, वैसा फल मिलेगा'।

**43. 'लाभ ही लाभ' अर्थ के लिए सही लोकोक्ति है—**

(a) पाँचों उँगलियाँ घी में

(b) पाँचों उँगलियाँ बराबर नहीं होती

(c) नेकी कर और कुएँ में डाल

(d) नेकी और पूछ-पूछ

**उत्तर—(a)**

'लाभ ही लाभ' अर्थ के लिए सही लोकोक्ति है- 'पाँचों उँगलियाँ घी में'।

**44. मूलपाठ का व्याख्या के साथ अनुवाद कहलाता है—**

(a) शब्दानुवाद

(b) भावानुवाद

(c) सारानुवाद

(d) व्याख्यानुवाद

**उत्तर—(d)**

मूलपाठ का व्याख्या के साथ अनुवाद 'व्याख्यानुवाद' कहलाता है। स्रोतभाषा के प्रत्येक शब्द का लक्ष्य भाषा के प्रत्येक शब्द में यथावत अनुवाद शब्दानुवाद कहलाता है। मूलपाठ की विचार सामग्री या भावधारा का अनुवाद 'भावानुवाद' कहा जाता है। मूलपाठ को अन्य भाषा में संक्षेप में प्रस्तुत करना 'सारानुवाद' कहलाता है।

**45. 'ब्रज' हिन्दी की किस उपभाषा के अंतर्गत है?**

(a) पहाड़ी हिन्दी

(b) पूर्वी हिन्दी

(c) पश्चिमी हिन्दी

(d) राजस्थानी हिन्दी

**उत्तर—(c)**

पश्चिमी हिन्दी में शामिल उपभाषाएं हैं ब्रज, कन्नौजी, बुन्देली, खड़ी-बोली और राजस्थानी। पूर्वी हिन्दी में शामिल उपभाषाएं हैं अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी और बिहारी।

**46. 'AMENDMENT' के लिए सटीक हिन्दी अनुवाद है :**

(a) शोधन (b) संशोधन

(c) प्रशोधन (d) समाशोधन

**उत्तर—(b)**

'AMENDMENT' के लिए सटीक हिन्दी अनुवाद 'संशोधन' है।

**47. 'सूरसागर' के रचयिता कौन हैं?**

(a) विद्यापति (b) जयदेव

(c) तुलसीदास (d) सूरदास

**उत्तर—(d)**

भक्तिकाल की सगुणमार्गी कृष्ण काव्यधारा के कवि सूरदास जी की रचनाएँ हैं—सूरसागर, सूरसारावली एवं साहित्य-लहरी।

**48. निम्न में रीतिकाल का कवि कौन है?**

(a) जयशंकर प्रसाद

(b) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

(c) बिहारी

(d) सुमित्रानन्दन पन्त

**उत्तर—(c)**

कविवर बिहारी रीतिकाल के कवि हैं। इनकी प्रसिद्ध रचना 'बिहारी सतसई' है। जयशंकर प्रसाद, सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' और सुमित्रानन्दन पन्त छायावाद काल के कवि हैं।

**49. 'उसने कहा था' कहानी के लेखक हैं—**

(a) किशोरीलाल गोस्वामी

(b) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

(c) प्रेमचन्द

(d) भगवान दास

**उत्तर—(b)**

'उसने कहा था' कहानी के लेखक 'चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी' हैं। इनकी अन्य रचनाएँ हैं—घंटाघर, धर्मपरायण रीछ, पाठशाला, बुद्धू का काँटा, सुखमय जीवन, हीरे का हीरा आदि।

**50. 'उर्वशी' किसका काव्य है?**

(a) जयशंकर प्रसाद

(b) मैथिलीशरण गुप्त

(c) रामधारी सिंह दिनकर

(d) महादेवी वर्मा

**उत्तर—(c)**

'उर्वशी' रामधारी सिंह दिनकर का कविता संग्रह है। इनके अन्य कविता संग्रह हैं—रश्मिरथी, हुंकार, कुरुक्षेत्र, परशुराम की प्रतिज्ञा और हाहाकार।

ROJGAR With ANKIT

**51. निम्नलिखित अनुक्रम में अगली संख्या कौन-सी होगी?**

12, 33, 96, 285, 852, ________

(a) 2355 (b) 2553

(c) 2535 (d) 5235

**उत्तर—(b)**

दिया गया अनुक्रम इस प्रकार है–

12 , 33 , 96 , 285 , 852, [2553]

×3 –3 ×3 –3 ×3 –3 ×3 –3 ×3 –3

अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

**52. निम्नलिखित अनुक्रम में अगली संख्या कौन-सी होगी?**

**4, 9, 26, 105, 524, ________**

(a) 1345 (b) 3145

(c) 1354 (d) 3154

**उत्तर—(b)**

दिया गया अनुक्रम इस प्रकार है–

4 , 9 , 26 , 105 , 524, [3145]

×2 +1 ×3 –1 ×4 +1 ×5 –1 ×6 +1

अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

**53. निम्नलिखित अनुक्रम में कौन-सा शब्द अगला होगा?**

**B2, F8, J32, N128, ________**

(a) R256 (b) R512

(c) R1024 (d) R1204

**उत्तर—(b)**

दिया गया अनुक्रम निम्न प्रकार है–

×4 ×4 ×4 ×

B2 , F8 , J 32 , N 128 , [R 512]

+4 +4 +4 +4

अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

**54. निम्नलिखित अनुक्रम में अगला अक्षर समूह कौन-सा होगा?**

**BAC, CAB, DAE, EAD, ________**

(a) GAF (b) FAG

(c) AFG (d) GFA

**उत्तर—(b)**

दिया गया अनुक्रम निम्न प्रकार है–

B A C

↓ ↓ ↓

+1 +0 –1

C A B

↓ ↓ ↓

+1 +0 +3

D A E

↓ ↓ ↓

+1 +0 –1

E A D

↓ ↓ ↓

+1 +0 +3

[F A G]

अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

**55. निम्नलिखित अल्फान्यूमेरिक क्रम का अध्ययन करें और निम्न प्रश्नों का उत्तर दें।**

**@ 4 9 * 4 9% 2 3 $ 2 1 5 7 ^ 9 3 5 = 8 5 2 5 6 D 1 8 5 ? 9 7 2 6 2 4 2 5 8 3 1 6 2 4**

**संख्या 2 के बाद एक विषम संख्या कितनी बार आती है?**

(a) 2 (b) 3

(c) 4 (d) 5

**उत्तर—(c)**

दिया गया अनुक्रम इस प्रकार है–

@ 4 9 * 4 9 % 2 (3) $ 2 (1) 5 7 ^ 9 3 5 = 85

2 (5) 6 D 1 8 5 ? 9 7 2 6 2 4 2 (5) 8 3 1 6 2 4

विषम संख्या → जो 2 से पूरी तरह विभाजित न हो।

जैसे–1 , 3 , 5 , 7 , 9 , 11 आदि।

इस प्रकार 4 बार 2 के बाद विषम संख्या आई है। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**56. निम्नलिखित संख्यात्मक क्रम का अध्ययन करें और निम्न प्रश्नों का उत्तर दें।**

**629 812 372 419 294 989 767**

**यदि 1 प्रत्येक विषम अंक से घटाया जाता है और 1 प्रत्येक सम अंक में जोड़ा जाता है, तो नव निर्मित अनुक्रम में निम्न में से कौन-सा नंबर दूसरा उच्चतम होगा?**

(a) 903 (b) 898

(c) 263 (d) 738

**उत्तर—(b)**

ROJGAR With ANKIT

प्रश्नानुसार,

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 629 , | 812 , | 372 , | 419 , | 294 , | 989 , | 767 |
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| 738 | 903 | 263 | 508 | 385 | 898 | 676 |
| (III) | (I) | (VII) | (V) | (VI) | (II) | (IV) |

अतः दूसरी सबसे बड़ी संख्या '898' है।

**57. यदि '×' का अर्थ 'योग', ÷ " का अर्थ 'घटाव', '+' का अर्थ 'गुणा' और '–' का अर्थ 'भाग' है, तो—**

**120 + 12 – 3 ÷ 4 × 2 – 2 + 1 = ?**

(a) 477 (b) 447

(c) 747 (d) 774

**उत्तर—(a)**

दिया गया समीकरण—

$120+12-3\div4\times2-2+1$

प्रश्नानुसार चिह्न बदलने पर,

$120\times12\div3-4+2\div2\times1$

BODMAS के अनुसार हल करने पर

$= 120\times4-4+1\times1$

$= 480-4+1$

$= 481-4 = 477$

अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**58. निम्नलिखित समीकरण को सही बनाने के लिए दो संकेतों की अदला-बदली करनी पड़ेगी?**

**5 + 3 × 4 – 12 ÷ 2 = – 1**

(a) + और – (b) + और ×

(c) × और ÷ (d) + और ÷

**उत्तर—(a)**

दिया गया समीकरण

$5+3\times4-12\div2=-1$

सबसे पहले भाग के चिह्न को देखते हैं। आमतौर पर भाग का चिह्न जहां लगेगा, वो संख्या पूरी-पूरी विभाजित होनी चाहिए। अतः विकल्प (c) और (d) स्वतः cancel हो गए, क्योंकि जब हम भाग के चिह्न को गुणा या जोड़ के चिह्न से बदल देंगे। तब वह पूर्ण रूप से विभाजित नहीं होगी। अतः अब विकल्प (a) या (b) में से एक सही उत्तर होगा। विकल्प (a) को लेने पर

$5+3\times4-12\div2$

$= 5-3\times4+12\div2$

BODMAS के अनुसार हल करने पर

$5-3\times4+6$

$= 5-12+6$

$= 11-12$

$= -1 =$ R.H.S.

अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**59. निम्नलिखित शब्दों को अंग्रेजी शब्दकोश में उनके क्रम के अनुसार व्यवस्थित करें।**

**1. Respond** **2. Revise**

**3. Remember** **4. Repeat**

**5. Repeal** **6. Regret**

(a) 6, 3, 5, 4, 2, 1 (b) 6, 3, 5, 4, 1, 2

(c) 6, 3, 5, 1, 4, 2 (d) 6, 3, 4, 5, 1, 2

**उत्तर—(b)**

दिए गए अंग्रेजी शब्दों को अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार लिखने पर प्राप्त क्रम निम्नवत् है–

→ Regret, (6) Remember, (3) Repeal, (5) Repeat, (4) Respond, (1) Revise (2)

अतः क्रम → 6, 3, 5, 4, 1, 2 होगा।

**60. यदि 'TURBULENCE' शब्द में, पहला लेटर अंतिम लेटर के साथ बदलता है, दूसरा लेटर नौवां लेटर के साथ बदलता है और इत्यादि, तब नव निर्मित शब्द में लेटर B के बाद कौन-सा लेटर आएगा?**


(a) L (b) U

(c) R (d) T

**उत्तर—(c)**

| ① | ② | ③ | ④ | ⑤ | ⑥ | ⑦ | ⑧ | ⑨ | ⑩ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| T | U | R | B | U | L | E | N | C | E |

पहला अक्षर दसवें अक्षर से, दूसरा अक्षर नौवें अक्षर से, तीसरा अक्षर आठवें अक्षर से इत्यादि इसी क्रम में बदलने पर।




स्पष्ट है कि नवनिर्मित शब्द में B के बाद R आएगा।

**61. यदि 'VICTORYPLAN' शब्द में, सभी व्यंजनों को पहले वर्णानुक्रम में व्यवस्थित किया जाता है, और फिर सभी स्वरों को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित किया जाता है, तो कौन-सा B बाएं से चौथे के दाईं ओर दूसरा होगा?**

(a) T (b) R

(c) V (d) Y

**उत्तर—(a)**

ROJGAR With ANKIT

सबसे पहले व्यंजन और फिर स्वरों को शब्दकोश के क्रमानुसार व्यवस्थित करने पर

$\rightarrow$बायां C L N P R T V Y A I O $\rightarrow$ दायां

बाएं से चौथे अक्षर के दाएं दूसरा अक्षर ?

$\rightarrow$ बाएं से चौथा अक्षर P

अब P के दाएं दूसरा अक्षर T होगा।

**62. एक निश्चित कूटभाषा में निम्नलिखित प्रतीक घड़ी में समय का प्रतिनिधित्व करते हैं—**

**% का मतलब है या तो घंटे की सुई या मिनट की सुई 2 पर है।**

**+ का मतलब है कि घंटे की सुई या मिनट की सुई 5 पर है।**

**? इसका मतलब है कि या तो घंटे की सुई या मिनट की सुई 3 पर है।**

**< का मतलब है या तो घंटे की सुई या मिनट की सुई 4 पर है।**

**> का मतलब है या तो घंटे की सुई या मिनट की सुई 12 पर है।**

**~ का मतलब है कि घंटे की सुई या मिनट की सुई 8 पर है।**

**ध्यान दें : यदि दो प्रतीक दिए जाते हैं, तो डिफॉल्ट रूप से, पहला प्रतीक घंटे का सुई माना जाता है और दूसरे को मिनट का सुई माना जाता है; सभी समय को PM में माना जाता है। उदाहरण के लिए, < ~ = 4 : 40 PM ।**


**ट्रेन D। 10 m/s की एक समान गति से यात्रा करती है, %< पर लखनऊ के लिए आगरा से रवाना होती है और ट्रेन F लखनऊ से आगरा यात्रा करती है और यात्रा % ~ पर शुरू करती है। ट्रेन F, ट्रेन D की तुलना में एक-तिहाई तेज यात्रा करता है। अगर आगरा और लखनऊ के बीच की दूरी 138 किमी. है, तो दोनों ट्रेनें एक-दूसरे से कौन-से समय पर मिलेंगी?**

(a) < ~ (b) + <

(c) < % (d) +?

**उत्तर—(c)**

प्रश्नानुसार व्यवस्थित करने पर—




$\because$ ट्रेन F, ट्रेन D से $\frac{1}{3}$ अधिक तेज चलती है।

10 मी./से. को किमी./घं. में बदलने पर

$$10\times\frac{18}{5}=36 \text{ किमी./घं.}$$

$\therefore$ ट्रेन F की चाल $= 36\times\frac{1}{3}=12$

$= 36+12 \Rightarrow 48$ किमी./घं.

$\because$ ट्रेन D 20 मिनट पहले छूटती है।

$\therefore$ ट्रेन D द्वारा 20 में तय दूरी

$$\frac{20}{60}\times 36 = 12 \text{ किमी.}$$

अतः शेष दूरी $= 138 - 12$

$= 126$ किमी.

अब दोनों ट्रेनें समान समय पर हैं।

$\therefore$ दोनों ट्रेनों के मिलने का समय $= \frac{\text{शेष दूरी}}{\text{दोनों ट्रेनों की चाल}}$

$$\text{समय} = \frac{126}{36+48} = \frac{126}{84}$$

$$= \frac{3}{2} = 1:30 \text{ मिनट}$$

$\therefore$ मिलने का समय = (2 : 40 + 1 : 30) PM = 4 : 20 PM

कोड भाषा में 4 : 20 PM को < % के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा।

अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**63. एक निश्चित कूटभाषा में,**

**'bad time to purchase' को 'hi bo nj yz' के रूप में लिखा जाता है;**

**'invest money and efforts' को 'hi ta ge mr' के रूप में लिखा जाता है;**

**'purchase bad stuff only' को 'yz bo rd fp' के रूप में लिखा जाता है; और**

**'only energy and money' को 'ta fp mr ux' के रूप में लिखा जाता है।**

**दिए गए कोड भाषा में 'invest efforts to energy' के लिए कोड क्या है?**

(a) hi bo mr fp

(b) ta nj yz rd

(c) ta fp ux nj

(d) ux ge nj hi

**उत्तर—(d)**

bad time to purchase → hi bo nj yz — (1)

Invest money and efforts → hi ta ge mr — (2)

Purchase bad stuff only → yz bo rd fp — (3)

Only energy and money → ta fp mr ux — (4)

समीकरण (i) और (iii) से

purchase bad → yz bo

समी. (iii) और (iv) से Only → fp

समी. (ii) और (iv) से and money → ta mr

समीकरण (ii) invest efforts → hi ge

तथा to energy → u × nj

अतः Invest efforts to energy का कोड ux ge nj hi होगा।

**64. एक निश्चित कोड में, LONGER को QDFMNK के रूप में लिखा जाता है। उस कोड में TIGER को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) QDIHS


(b) QDFHS

(c) QFFJU


(d) QDFIS

**उत्तर—(b)**

जिस प्रकार




उसी प्रकार




अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

**65. दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और निम्न प्रश्नों का उत्तर दें।**

**'M + L' का अर्थ है 'L, M' का बेटा है'**

**'M × L' का अर्थ है 'L, M' का पिता है**

**'L % M' का अर्थ है 'L, M' का दामाद है'**

**'M – L' का अर्थ है 'L, M' की पत्नी है**

**'L * M' का अर्थ है M, L' का भाई है**

**'L # M' का अर्थ है 'M, L' की इकलौती बहन है।**

**निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नचिह्नों के स्थान पर कौन-से दो प्रतीक आएंगे यह दिखाने के लिए कि E, X की पत्नी है?**

**X % P – C ? D ? E**

(a) × और +

(b) × और –

(c) + और #

(d) या तो × और + या + और #

**उत्तर—(c)**

O → Male (पुरुष)


Δ → Female (महिला)

X % P – C ? D ? E

विकल्प (c) से

\+ and #

$X \% P - C + D \neq E$




बगल में डबल लाइन (=) पति-पत्नी को दिखाता है, बगल में सिंगल लाइन (–) भाई या बहन को दिखाता है।

नीचे के तरफ सिंगल लाइन (|) पुत्र या पुत्री को दिखाता है। ऊपर की तरफ सिंगल लाइन माता या पिता को दिखाता है।)

सबसे पहले X % P का चित्र बनाएंगे अर्थात X, P का दामाद है, फिर P – C का अर्थात C, P की पत्नी है, फिर C + D का और ऐसे ही आगे सभी का। इस प्रकार सिर्फ 'C' ही सही संबंध प्रदर्शित कर रहा है।

**66. दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और निम्न प्रश्नों का उत्तर दें।**

**जब मंदिरा सिंह अपने एमबीबीएस कोर्स में टॉप किया, तो वह मेडिकल पेशे में शामिल होने वाली अपने परिवार की 7वीं सदस्य बन जाती है। अन्य सभी परिवार के सदस्य अर्थात् तनमे, नीरजा, मोनीश, संचित, रुचिका और विनीता, सवाई मान सिंह अस्पताल में डॉक्टर के रूप में काम कर रहे हैं और तीसरी पीढ़ी के 'सबसे कम उम्र के मंदिरा सिंह, उनसे जुड़ने के लिए तैयार हैं। तीन पीढ़ियों के इस परिवार में, दो युगल जोड़ी और भाइयों और बहनों के दो जोड़े हैं। परिवार में तीन ऑन्कोलॉजिस्ट, दो दंत चिकित्सक, एक चिकित्सक और एक स्नायु विशेषज्ञ (न्यूरोलॉजिस्ट) हैं। परिवार में कोई महिला एक ऑन्कोलॉजिस्ट नहीं है। विनीता न्यूरोलॉजिस्ट नहीं है। परिवार में कोई विवाहित व्यक्ति एक**

दंत चिकित्सक नहीं है। तनमय नीरजा का पुत्र है, जबकि संकीत मोनीश का पुत्र है, जिसकी पत्नी विनीता है। मोनीश एक ऑन्कोलॉजिस्ट है। मोनीश और विनीता परिवार में सबसे बड़े हैं। मंदिरा सिंह, संचित की बेटी है, जबकि रुचिका, नीरजा की ननद/जेठानी/भाभी है।


**निम्नलिखित में से कौन एक चिकित्सक है?**

(a) मंदिरा सिंह (b) नीरजा

(c) विनीता (d) रुचिका

**उत्तर—(c)**

प्रश्नानुसार, व्यवस्थित करने पर—




अतः चित्र से स्पष्ट है कि चिकित्सक, विनीता है। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**67. दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और निम्न प्रश्नों का उत्तर दें।**

**तीन पीढ़ियों के कसम परिवार में, आठ सदस्य हैं—A, B, C, D, E, F, G और H। C, G की बहू है। E, B का एकमात्र पोता है। D, E के दो मामा में से एक है। G और D जिनमें से एक पुरुष है, B के बच्चे हैं, F, D के पिता, H, G के पति हैं।**

**निम्नलिखित में कौन-सा कथन सत्य है?**

(a) दूसरी पीढ़ी में दो पुरुष हैं।


(b) A, H की ननद/जेठानी/भाभी है।

(c) परिवार में पुरुषों और महिलाओं की समान संख्या है।

(d) C, F के पोते की पत्नी/नाते की पत्नी है।

**उत्तर—(d)**

प्रश्नानुसार, व्यवस्थित करने पर—




अतः चित्र से स्पष्ट है कि, C, F के पोते की पत्नी है। (∵ F और B पति और पत्नी हैं।)

अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**68. दिए गए शब्द-युग्म में शब्द एक निश्चित संबंध साझा करते हैं। उस विकल्प का चयन करें जिसमें शब्द-जोड़ी एक ही रिश्ते को साझा करती है।**

**चूहा : कृंतक**

(a) मधुमक्खी : मधुमक्षिकालय (b) नाविक : समुद्री जहाज

(c) ह्वेल : स्तन प्राणी (d) बंजारा : गिरोह

**उत्तर—(c)**

जिस प्रकार चूहा एक कृंतक है, उसी प्रकार, ह्वेल एक Mammal अर्थात स्तन प्राणी है।

अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**69. दिए गए बयानों पर विचार करें, भले ही वे आमतौर पर ज्ञात तथ्यों के साथ भिन्नता में हों और निर्णय लें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष तर्कसंगत रूप से कथन का पालन करते हैं।**

**कथन :**

**1. कुछ चूहे सफेद हैं।**

**2. कुछ सफेद सूअर हैं।**

**3. सभी सूअर नीले हैं।**

**4. कोई सूअर गधा नहीं है।**

**5. सभी गधे लंबे हैं।**

**निष्कर्ष :**

**i. कुछ लंबे सूअर नहीं है।**

**ii. कुछ चूहे सूअर हैं।**

**iii. सभी नीले गधे होने की संभावना है।**

(a) केवल i ही पालन करता है।


(b) केवल i और ii पालन करता है।

(c) केवल ii और iii पालन करता है।

(d) केवल ii पालन करता है।


**उत्तर—(a)**

प्रश्नानुसार




चित्र से स्पष्ट है कि कुछ सूअर, लंबे नहीं हैं और कुछ चूहे सूअर हैं यह निष्कर्ष गलत है तथा निष्कर्ष (iii) से सभी नीले गधे होने की संभावना है, यह भी सत्य नहीं है। अत: केवल निष्कर्ष (i) ही पालन करता है। अत: विकल्प (a) सही उत्तर है।

**70. वर्ष 2016 में भारत में छः राज्यों द्वारा गन्ना का उत्पादन निम्नलिखित ग्राफ में दिया गया है।**




**गन्ना उत्पादन में निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य 20 प्रतिशत से भी कम योगदान देता है?**

(a) केवल GJ

(b) GJ और AP

(c) GJ, AP और TN

(d) GJ, MH, AP और MP

**उत्तर—(d)**


कुल गन्ना उत्पादन

$= 15000 + 12500 + 22500 + 20000 + 10000 + 15500 = 95500$

95500 का 20% $\frac{95500 \times 20}{100} \Rightarrow 19100$

अत: वे सभी राज्य जो 19100 से कम उत्पादन करते हैं, ग्राफ के अनुसार निम्न हैं $\rightarrow$ MH, AP, GJ, MP अत: विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

**71. निम्नलिखित पंक्ति ग्राफ 1994 से 2000 तक 7 साल की अवधि में मिथुन इंस्टीट्यूशन से परीक्षा के लिए उपस्थित उम्मीदवारों की कुल संख्या से सीएटी (CAT) परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों की संख्या का प्रतिशत दर्शाता है।**




**यदि 1998 में अर्हता प्राप्त (क्वालीफाइड) उम्मीदवारों की संख्या 21200 थी, तो 1998 में उपस्थित उम्मीदवारों की संख्या क्या थी?**

(a) 32000 (b) 28500

(c) 26500 (d) 25000

**उत्तर—(c)**

वर्ष 1998 में अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों का प्रतिशत = 80% तथा वर्ष 1998 में अर्हता प्राप्त कुल उम्मीदवार = 21200 अर्थात यही 80% उम्मीदवार 21200 के बराबर होंगे और कुल उम्मीदवारों की संख्या 100% के बराबर होती है।


$\because 80\% = 21200$

$\therefore 1\% = \frac{21200}{80}$

$\therefore 100\% = \frac{21200}{80} \times 100 = 26500$

अत: 1998 में उपस्थित कुल उम्मीदवारों की संख्या 26500 होगी।

**72. पिछले कुछ वर्षों में (करोड़ रुपयों में) में तीन कंपनियों (एक्स. वाई और जेड) के निर्यात के निम्नलिखित लाइन ग्राफ दिए गए हैं। ग्राफ का अध्ययन करें और निम्न प्रश्न का उत्तर दें।**




ROJGAR With ANKIT

**निम्नलिखित में से कौन-से सालों में तीनों कंपनियों द्वारा कुल निर्यात का मूल्य एक समान था?**

(a) 1995 और 1998 (b) 1996 और 1998

(c) 1997 और 1998 (d) 1995 और 1996

**उत्तर—(d)**

वर्ष 1995 में तीनों कंपनियों द्वारा निर्यात कुल मूल्य

= 40 + 60 + 120 = 220 करोड़ रुपये

वर्ष 1996 में तीनों कंपनियों द्वारा निर्यात कुल मूल्य

= 60 + 70 + 90 = 220 करोड़ रुपये

वर्ष 1997 में तीनों कंपनियों द्वारा निर्यात कुल मूल्य

= 60 + 80 + 100 = 240 करोड़ रुपये

वर्ष 1998 में तीनों कंपनियों द्वारा निर्यात कुल मूल्य

= 50 + 80 + 100 = 230 करोड़ रुपये

अतः स्पष्ट है कि वर्ष 1995 और 1996 में तीनों कंपनियों द्वारा कुल निर्यात का मूल्य एक समान था।

अतः विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

**73. दिए गए प्रश्नों को पढ़ें और निर्णय लें कि निम्नलिखित में से कौन-सा कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है?**

**प्रश्न :**

**कथन में रोहन का रैंक क्या है?**

**कथन :**

**I. रोहन का रैंक नंदन के रैंक से 24 कम है।**

**II. रोहन के रैंक से अर्चना का रैंक 38 और अधिक है? नंदन का रैंक अर्चना के रैंक से 10 कम है।**

(a) केवल कथन I पर्याप्त है।

(b) केवल कथन II पर्याप्त है।

(c) या तो कथन I या II पर्याप्त है।

(d) कथन I और II दोनों सही नहीं हैं।

**उत्तर—(d)**

न तो कथन (I), न ही कथन (II) और न ही कथन (I) और (II) साथ में इस बात की पुष्टि करते हैं कि रोहन का रैंक क्या है। दोनों कथनों से सिर्फ तुलनात्मक अध्ययन का पता चल रहा है। न तो नंदन का और न ही अर्चना के रैंक का पता चल रहा है। अतः दोनों कथन अपर्याप्त हैं। अतः विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

**74. दिए गए प्रश्नों को पढ़ें और निर्णय लें कि निम्नलिखित में से कौन-सा कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है?**

**प्रश्न :**

**मित्तल के पास अयप्पा सोसाइटी, मधापुर में एक इमारत है, जिसमें पांच मंजिल हैं जो 1 से 5 नाम से हैं। इस तरह से निम्नतम मंजिल को 1 रूप में गिना जाता है और शीर्षतम मंजिल को 5 के रूप में गिना जाता है। इमारत के विभिन्न मंजिल में पांच सदस्य अर्थात राम, लीना, टीना, चारू और अनीता रहते हैं, लेकिन एक ही क्रम में हैं जरूरी नहीं है। साथ ही विभिन्न कंपनियां, अर्थात A, B, C, D और E हैं। टीना मंजिल 2 में रहती है और कंपनी D में काम करती है और चारू मंजिल 5 में रहती है। इसके अलावा, जो मंजिल संख्या 1 में रहता है वह कंपनी A में काम करता है। और जो मंजिल संख्या 3 में रहता है, वह किस कंपनी में काम करता/करती है?**

**कथन :**

**I. न तो लीना और न ही अनीता कंपनी A में काम करती है।**

**II. जो व्यक्ति मंजिल संख्या 3 पर रहती है, वह कंपनी C में काम करती है**

**III. अनीता कंपनी C में काम नहीं करती है।**

(a) कथन I और II दोनों साथ में पर्याप्त हैं।

(b) कोई भी दो कथन साथ में पर्याप्त हैं।

(c) या तो कथन I और II या कथन II और III दोनों साथ में पर्याप्त हैं।

(d) सभी कथन I, II और III साथ में पर्याप्त हैं।

**उत्तर—(d)**

प्रश्नानुसार

| सदस्य | मंजिल | कंपनी |
|---|---|---|
| रामा | 1 | A |
| लीना | 3 | C |
| टीना | 2 | D |
| चारू | 5 | B या E |
| अनीता | 4 | E या B |

ग्राफ से स्पष्ट है कि, मंजिल '3' में लीना रहती है और वह कंपनी 'C' में काम करती है। इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए तीनों कथनों की आवश्यकता पड़ी है। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**75. दिए गए प्रश्नों को पढ़ें और निर्णय लें कि निम्नलिखित में से कौन-सा कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है?**

**प्रश्न :**

भारत में पांच तेल रिफाइनिंग कंपनियां हैं, अर्थात A, B, C, D और E इनमें से कौन-सी कंपनी का उत्पादन सबसे ज्यादा है?

**कथन :**

**I. कंपनी B का उत्पादन कंपनी A की तुलना में अधिक है, लेकिन कंपनी E के मुकाबले ज्यादा नहीं है।**

**II. कंपनी C का उत्पादन कंपनी B की तुलना में अधिक है, लेकिन कंपनी D के जितना नहीं है।**

**III. कंपनी E का उत्पादन उतना नहीं है, जितना कंपनी D का है।**

(a) कथन I और II दोनों साथ में पर्याप्त हैं।

(b) कोई भी दो कथन साथ में पर्याप्त हैं।

(c) या तो कथन I और II एक साथ या केवल कथन III अकेला पर्याप्त है।

(d) सभी कथन I, II और III साथ में पर्याप्त हैं।

**उत्तर—(d)**

कथन (I) के अनुसार

$E > B > A$

कथन (II) के अनुसार

$D > C > B$

कथन (III) के अनुसार

$E < D$

उपर्युक्त तीनों कथनों को साथ में लेने पर पता चल रहा है कि कंपनी D का उत्पादन सबसे ज्यादा है।

अतः विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

**76. दिए गए कथन और निम्नलिखित मान्यताओं को पढ़ें और निर्णय लें कि कथन में कौन-सी धारणाएं अंतर्निहित हैं?**

**कथन :**

**सरकार जो लोग पशुवुल्लंका पर गोदावरी में नाव दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों के सदस्यों को रुपये 5 लाख का मुआवजा देने का फैसला किया।**

**धारणाएं :**

**I. सरकारी कोषों में मुआवजे के खर्च को पूरा करने के लिए पर्याप्त धनराशि है।**

**II. सरकार उस क्षेत्र में भविष्य में नाव दुर्घटनाओं की घटनाओं को कम करने की कोशिश कर सकती है।**

(a) केवल धारणा I अंतर्निहित है।

(b) केवल धारणा II अंतर्निहित है।

(c) न तो धारणा I या II अंतर्निहित है।

(d) न तो धारणा I और न ही II अंतर्निहित है।

**उत्तर—(a)**

धारणा (I) अर्थात सरकारी कोषों में मुआवजे के खर्च को पूरा करने के लिए पर्याप्त धनराशि है, यह बिल्कुल सही है, क्योंकि पर्याप्त धनराशि है, तभी सरकार ने मुआवजा देने की घोषणा की है। धारणा (II) अर्थात सरकार उस क्षेत्र में भविष्य के नाव दुर्घटनाओं की घटनाओं को कम करने की कोशिश कर सकती है, यह धारणा कथन में अंतर्निहित नहीं है, क्योंकि सरकार कम कर सकती है या नहीं कर सकती है, यह तो भविष्य की बात है। इसका कथन से कोई तात्पर्य नहीं है। अतः धारणा (II) कथन में अंतर्निहित नहीं है। अतः विकल्प (a) सही उत्तर होगा।

**77. दिए गए सही कथन पर विचार करें और निर्णय लें कि कौन-से निष्कर्ष तार्किक रूप से इन कथनों का पालन करते हैं?**

**कथन :**

**'कैल्विन क्लीन' जींस का उपयोग करें। मेरे और मेरे कैल्विन के बीच कुछ भी नहीं आता है। -विज्ञापन।**

**निष्कर्ष :**

**I. आकर्षक नारे (कैची स्लोगन) लोगों को आकर्षित नहीं करते हैं।**

**II. लोगों को डार्क शेड वाला जींस पसंद आता है।**

(a) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

(b) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

(c) या तो निष्कर्ष I या II पालन करता है।

(d) न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।

**उत्तर—(d)**

दिए गए कथन के अनुसार,

निष्कर्ष (I) आकर्षक नारे (कैची स्लोगन) लोगों को आकर्षित कर भी सकता है। इसलिए निष्कर्ष (I) असंगत है।

निष्कर्ष II : लोगों को डार्क शेड वाली जींस पसंद नहीं भी आ सकता है। अतः कथन (II) भी असंगत है।

अतः विकल्प (d) न तो I और न ही II पालन करता है। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**78. दिए गए प्रश्न को पढ़ें और निर्णय लें कि निम्नलिखित में से कौन-सा तर्क प्रभावशाली है?**

**कथन :**

**क्या राष्ट्रीयकृत बैंकों के अधिकारियों को 1 या 2 साल बाद स्थानांतरित किया जाना चाहिए?**

**तर्क :**

**I. हां। वे स्थानीय लोगों के साथ घुल-मिल जाते हैं और उनसे चालाकी से काम निकाला जा सकता है।**

**II. नहीं। जब तक उनकी नीतियां और योजनाएं आकार लेने लगती हैं, उन्हें छोड़ना पड़ता है।**

**III. नहीं। यह बहुत सारी प्रशासनिक परेशानी पैदा करेगा और अधिकारियों के लिए बहुत-सी असुविधा का कारण बन जाएगा।**

(a) केवल तर्क I प्रभावशाली है।

(b) केवल तर्क II प्रभावशाली है।

(c) केवल तर्क II और III प्रभावशाली हैं।

(d) केवल तर्क I और III प्रभावशाली हैं।

**उत्तर—(c)**

तर्क (I) कथन के अनुसार तर्कपूर्ण नहीं है, क्योंकि उनसे चालाकी से काम निकाला जा सकता है, यह तर्कसंगत नहीं है। बैंकों के अपने नियम-कानून होते हैं और उनका सभी को पालन करना पड़ता है।

तर्क (II) बिल्कुल सही है, क्योंकि नीतियों को बनाने और उनको प्रभावशाली रूप से लागू करने में 1 या 2 साल का समय लग जाता है और तब तक उनका स्थानांतरण हो जाता है।

तर्क (III) भी बिल्कुल सही है, क्योंकि हर साल स्थानांतरण करने से प्रशासनिक परेशानियां तो होती हैं, बल्कि अधिकारियों को की असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। रहन-सहन इत्यादि में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

अतः विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

**79. दिए गए प्रश्न को पढ़ें और निर्णय लें कि निम्नलिखित में से कौन-सा तर्क प्रभावशाली है?**

**कथन :**

**क्या भारत में सभी अप्रत्यक्ष करों को एक समान और सेवा कर (GST) में जोड़ा जाना चाहिए?**

**तर्क :**

**I. हां। यह टैक्स संग्रह प्रणाली को काफी सरल बना देगा और इससे कर एकत्र करने की लागत भी कम हो जाएगी।**

**II. हां। निर्माताओं और व्यापारियों को इससे फायदा होगा, जो बदले में कर संग्रह को बढ़ावा देगा।**

**III. नहीं। किसी अन्य देश ने ऐसी प्रणाली नहीं अपनाई है।**

(a) केवल तर्क I प्रभावशाली है।

(b) केवल तर्क II प्रभावशाली है।

(c) केवल तर्क I और II प्रभावशाली हैं।

(d) केवल तर्क III प्रभावशाली है।

**उत्तर—(c)**

अन्य देश क्या करता है, क्या नहीं, यह हमारे लिए उतना महत्वपूर्ण नहीं है। कोई भी पॉलिसी जो हमारे देश के लिए लाभकारी हो, उसे अपनाना चाहिए। यह हमारे लिए महत्वपूर्ण है।

अतः कथन (III) प्रभावशाली नहीं है। कथन (I) और (II) प्रभावशाली हैं। अतः विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

**80. दी गई जानकारी को ध्यान से पढ़ें और निम्न प्रश्न का उत्तर दें।**

**ABC सोसाइटी ने अपनी सोसाइटी में फ्लैटों के आवंटन के लिए निम्नलिखित शर्तों को रखा है—**

**(i) आवेदक को राज्य के निवास का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना चाहिए।**

**(ii) आवेदक कम-से-कम 5 साल से कमाता होना चाहिए।**

**(iii) आवेदक को पूरी राशि का भुगतान 5 साल की अवधि में करने के लिए तैयार होना चाहिए।**

**(iv) आवेदक उस शहर में किसी अन्य आवासीय आवास के स्वामी या सह-मालिक (यदि पति/पत्नी स्वामी हैं) नहीं होना चाहिए।**

**(v) आवेदक 31 दिसंबर, 2016 तक 35 वर्ष से कम आयु का नहीं होना चाहिए।**

**आवेदक के मामले में जो अन्य सभी मानदंडों को पूरा करता है सिवाय इसके कि—**

(A) उपरोक्त, टाउन काउंसिल के अध्यक्ष को संदर्भित किया जाना चाहिए।

(B) उपरोक्त, लेकिन आधार कार्ड प्रदान करने के लिए तैयार है, समिति के उपाध्यक्ष को संदर्भित किया जाना चाहिए।

(C) उपर्युक्त है, लेकिन एक स्वतंत्रता सेनानी या पूर्व सैनिक या उनके पहले संबंध हैं, समिति के एक सदस्य को संदर्भित किया जाना चाहिए।

आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तिथि 31 दिसंबर, 2016 थी। 31 दिसंबर, 2016 को शर्तों को पूरा किया जाना है। इन मानदंडों के आधार पर, निर्णय लें कि आपको 1 जनवरी, 2017 को दिए गए निम्नलिखित मामले में फ्लैट आवंटित करना है या नहीं।

शामी ABC सोसाइटी में एक फ्लैट खरीदने की योजना बना रहा है। वह एक उद्योगपति और दूसरे राज्य से हैं, जिन्होंने 2000 में अपना कारखाना स्थापित किया है और उसके पास राज्य का निवास प्रमाण-पत्र है। यदि आवश्यक हो, तो वह 4 साल में पूरी राशि का भुगतान करने के लिए तैयार है। उसके पास उस शहर में कोई घर नहीं है, लेकिन उसकी पत्नी के पास एक फ्लैट है। उनकी जन्म तिथि 11 नवंबर, 1970 है।

(a) फ्लैट आवंटित मत करो। (b) चेयरमैन का संदर्भ।



(c) प्रेसिडेंट का संदर्भ दें। (d) फ्लैट आवंटित करें।

**उत्तर—(a)**

प्रश्नानुसार, शामी के पत्नी के पास शहर में एक फ्लैट है, जबकि शर्त (iv) के अनुसार आवेदक के पास उस शहर में किसी अन्य आवासीय आवास के स्वामी या सह-मालिक (यदि पति/पत्नी स्वामी हैं) नहीं होना चाहिए शामी इस शर्त को पूर्ण नहीं कर रहा है। अतः शामी को फ्लैट आवंटित नहीं होना चाहिए। अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**81. दी गई आकृति निम्न विकल्पों में से एक में एम्बेडेड है। इस विकल्प का चयन करें।**





(a) 
(b) 
(c) 
(d) 

**उत्तर—(d)**

दी गई आकृति विकल्प (d) में अंतर्निहित है।

**82. दिए गए आंकड़े (X) में कुछ विशिष्ट प्रतीक हैं। वह विकल्प चुनें जिसमें एक ही प्रतीक पाए जाते हैं।**




(a) 
(b) 
(c) 
(d) 

**उत्तर—(d)**

आकृति (X) में दिए गए सभी प्रतीक सिर्फ विकल्प (d) में मौजूद हैं। अन्य सभी विकल्प में कोई न कोई अतिरिक्त प्रतीक मौजूद है, जो विकल्प (X) में नहीं है। या कोई प्रतीक गायब कर दिया गया है, जो आकृति (X) में है। अत: विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

**83. कपिल और धर्मा क्लब में दो पासा के साथ खेल रहे हैं और उन्होंने पासा को निम्नलिखित चित्रों के अनुसार फर्श पर घुमाया है। यदि x चार बिंदुओं के विपरीत छोर पर मौजूद बिंदुओं की संख्या का प्रतिनिधित्व करता है, तो x का मान ज्ञात करें।**





(a) 2
(b) 3
(c) 6
(d) 1

**उत्तर—(a)**

दिए गए प्रथम पासे को एक बार clock wise मोड़ने पर 1 ऊपर चला जाएगा, 2 नीचे आ जाएगा और नीचे का चिह्न 4 सामने आ जाएगा। यह आकृति हमें द्वितीय पासे में देखने को मिल रही है। क्योंकि 5 दोनों में उभयनिष्ठ है और उसी स्थान पर है। अत: पासे की दी गई दोनों स्थितियों से 4 के विपरीत छोर पर बिंदु 2 होगा। अत: विकल्प (a) सही उत्तर होगा।

**84. चित्र (A) और (B) के बीच के संबंधों को देखकर दिए गए चित्र को उपयुक्त विकल्प के साथ बदलें?**




(a) 1
(b) 2
(c) 3
(d) 4


**उत्तर—(c)**


दिए गए चित्र में Vertical line के चित्रों को Horizontal line में सीधा खड़ा कर दिया गया है।

अत: उसी क्रम में जब हम आकृति (c) के प्रतीकों को खड़ा करेंगे, तो विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

Dark symbol को Shadow में तथा Shadow symbol को Dark कर दिया गया है। अत: विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

**85. चित्र (A) और (B) के बीच के संबंधों को देखकर दिए गए चित्र को उपयुक्त विकल्प के साथ बदलें?**








(a) 1
(b) 2
(c) 3
(d) 5

**उत्तर—(b)**

अगली आकृति विकल्प (b) पूरा करेगी।

**86. निम्न आकृतियों के बीच अलग आकृति का चयन करें।**




(a) A (b) B


(c) C (d) D

**उत्तर—(c)**

आकृति (c) को छोड़कर अन्य सभी आकृतियों में उनका दर्पण प्रतिबिंब दिया गया है, जबकि आकृति (c) में ऐसा नहीं है।

अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**87. निम्न आंकड़ों के बीच अलग-अलग आंकड़े का चयन करें।**



A B C D E

(a) A (b) B

(c) C (d) E

**उत्तर—(c)**

आकृति (c) को छोड़कर अन्य सभी में तीन आधे गोले (^) तथा तीन (⌅) हैं। जबकि आकृति (c) में चार (∩) हैं। अतः विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

**88. शृंखला को पूरा करने के लिए सही विकल्प से रिक्त स्थान को भरें।**


ALBC, CLDC, _____, GLHC

(a) OLPC (b) ELFC

(c) LLMC (d) KLLC

**उत्तर—(b)**

दी गई श्रेणी निम्न प्रकार है–




अतः विकल्प (b) सही उत्तर होगा।


**89. शृंखला को पूरा करने के लिए सही विकल्प से रिक्त स्थान को भरें।**

**AZA, BWD, CRI, DKP ______ .**

(a) ECX (b) EYB

(c) EBY (d) EXC

**उत्तर—(c)**




अतः विकल्प (c) सही उत्तर होगा।


**90. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे पद से ठीक उसी तरह संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा पद, पहले पद से संबंधित है।**

**MAGIC : BHFZL :: CABIN : _______**

(a) MAHBZ (b) MHABZ

(c) MAHZB (d) MHAZB

**उत्तर—(d)**




अतः विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

**91. एक निश्चित कोड भाषा में, यदि गुलाबी को सफेद कहा जाता है, सफेद को पीला कहा जाता है, पीले को लाल कहा जाता है, लाल को हरा कहा जाता है, हरे को काला कहा जाता है, काले को बैंगनी कहा जाता है और बैंगनी को नारंगी कहा जाता है, तो मानव का रक्त किस रंग का होगा?**

(a) लाल (b) हरा

(c) पीला (d) नारंगी

**उत्तर—(b)**

चूंकि मानव का रक्त लाल होता है और प्रश्न में लाल को हरा कहा गया है। अतः मानव का रक्त हरा होगा। अतः विकल्प (b) सही उत्तर होगा।

ROJGAR With ANKIT

**92. दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर दें।**

**'P ₹ Q' का अर्थ 'P, Q की मां है';**

**'P $ Q' का अर्थ 'P, Q का पति है';**

**'P # Q' का अर्थ 'P, Q की बहन है';**

**'P ~ Q' का अर्थ 'P, Q का पुत्र है';**

**X ~ H ₹ D $ Y में Y का H के साथ क्या संबंध है?**

(a) मां (b) पिता


(c) ससुर (d) बहू

**उत्तर—(d)**

X ~ H ₹ D $ Y

O → Male (पुरुष)

Δ → Female (महिला)




अतः Y, H की बहू होगी। अतः विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

**93. एक संयुक्त परिवार में पिता, मां, तीन विवाहित पुत्र और एक अविवाहित पुत्री है। पुत्रों में दो के दो-दो पुत्रियां हैं और एक के एक पुत्र है। परिवार की महिला सदस्यों की कुल संख्या और परिवार के पुरुष सदस्यों की कुल संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।**

(a) 5 : 9 (b) 9 : 5

(c) 8 : 5 (d) 5 : 8

**उत्तर—(b)**

तीन विवाहित पुत्र अर्थात तीन पुरुष और तीन महिलाएं हो गईं।

पुत्रों में दो के दो-दो पुत्रियां अर्थात चार महिलाएं हो गईं।

एक के एक पुत्र अर्थात एक पुरुष हो गया।

कुल पुरुष = 1 + 3 + 1 ⇒ 5

कुल महिला = 1 + 1 + 3 + 4 ⇒ 9

महिला सदस्य : पुरुष सदस्य = 9 : 5

अतः विकल्प (b) सही उत्तर होगा।

**94. दो कथनों के बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं। कथनों में दिए गए तथ्यों को सही मानें और निर्णय लें कि कौन-से निष्कर्ष कथनों का अनुसरण करता/करते हैं?**

**कथन :**

**1.** कुछ पेपर पुस्तकें हैं।

**2.** सभी पुस्तकें नोट्स हैं।

**निष्कर्ष :**

**I.** कोई पेपर एक नोट नहीं है।

**II.** कुछ नोट पेपर हैं।


(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(c) निष्कर्ष I तथा II दोनों अनुसरण करते है।

(d) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

**उत्तर—(b)**




उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि निष्कर्ष (II) कुछ नोट पेपर हैं, बिल्कुल सही है। अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

**95. एक शब्द के अक्षरों को अव्यवस्थित किया गया है और उनके लिए अंक दिए गए हैं। उस विकल्प को चुनें, जो शब्द का निर्माण करने वाली संख्याओं द्वारा वर्णित अक्षरों का सही क्रम प्रदान करता है।**

I, A, D, O, H, E, N, S

1 2 3 4 5 6 7 8

(a) 3, 2, 5, 6, 8, 1, 4, 7

(b) 2, 3, 5, 6, 4, 8, 1, 7

(c) 2, 3, 5, 6, 8, 1, 4, 7

(d) 2, 3, 5, 6, 8, 4, 1, 7

**उत्तर—(c)**

अर्थपूर्ण शब्द (Meaning full word) है—ADHESION

Adhesion अर्थात 'चिपकाव'

ADHESION ⇒ 2 3 5 6 8 1 4 7

अतः विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

ROJGAR With ANKIT

**96. 'NIGHTMARE' शब्द में उन अक्षरों की संख्या ज्ञात कीजिए जिनके बीच उतने ही अक्षर हैं, जितने अंग्रेजी वर्णमाला में उनके बीच हैं।**

(a) 1 (b) 2

(c) 3 (d) 5

**उत्तर—(b)**

N I G H T M A R E

$G \xrightarrow{+0} H$

$I \xrightarrow{+3} M$

सिर्फ दो ही जोड़े ऐसे हैं जिनके बीच उतने ही अक्षर हैं, जितने अंग्रेजी वर्णमाला में उनके बीच हैं। अत: विकल्प (b) सही उत्तर होगा।

**97. निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन के बाद दो तर्क 1 और 2 दिए गए हैं। आपको यह तय करना होगा कि कथन के संबंध में कौन-से तर्क मजबूत हैं।**

**कथन :**

ऊर्जा की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, भारत को सौर ऊर्जा का उपयोग करने का प्रयास करना चाहिए।

**तर्क :**

**I.** हां, भारत में उत्पादित ऊर्जा मुख्यत: सीमित है।

**II.** नहीं, सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए बहुत बड़ी पूंजी की आवश्यकता होगी, जिसकी भारत में कमी है।

(a) तर्क I या तर्क II मजबूत है।

(b) न तो I और न ही II मजबूत है।

(c) केवल तर्क I मजबूत है।

(d) केवल तर्क II मजबूत है।

**उत्तर—(c)**

तर्क (I) पूर्णत: सही है, क्योंकि भारत में ऊर्जा के बहुत ही सीमित संसाधन बचे हुए हैं। अत: सौर ऊर्जा का उपयोग सर्वथा लाभकारी होगा, क्योंकि यह सूर्य से प्राप्त ऊर्जा पर आधारित है, जो लंबे समय तक चल सकती है।

तर्क (II) तर्कसंगत नहीं है, क्योंकि भारत सरकार खुद सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने में लोगों की मदद कर रही है और उन्हें प्रोत्साहित कर रही है। अत: विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

**98. निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़ें और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।**

एक सॉफ्टवेयर कंपनी ने इंजीनियरों की भर्ती का फैसला किया है।

निम्नलिखित मानदंड लागू किए गए हैं।

**एक अभ्यर्थी :**

(i) इंजीनियरिंग स्नातक में कम-से-कम 75% अंकों और एच.एस.सी. में 80% अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए।

(ii) कम-से-कम 2 वर्षों का कार्य अनुभव होना चाहिए।

(iii) तीन वर्ष के बॉण्ड पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार होना चाहिए।

(iv) 1.2.2017 को आयु 28 वर्ष से अधिक और 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए।

**हालांकि, यदि उम्मीदवार निम्नलिखित को छोड़कर उपर्युक्त सभी मानदंडों को पूरा करता हैं-**

(A) लेकिन स्नातक में 50% और एच.एस.सी. में 70% प्राप्त किए हैं और कम-से-कम तीन वर्ष का कार्य अनुभव है, तो इस मामले को निदेशक को संदर्भित किया जा सकता है।

(B) लेकिन नौकरी समयावधि से पहले छोड़ने पर रुपया 1 लाख की राशि का भुगतान करने को तैयार है, मामला अध्यक्ष को संदर्भित किया जा सकता है।

(C) लेकिन एक कंप्यूटर इंजीनियर है, मामला डी.जी.एम. को संदर्भित किया जा सकता है।

नीचे दिए गए प्रश्न में, उम्मीदवार का विवरण दिया गया है। आपको प्रदान की गई जानकारी और उपरोक्त शर्तों व उप-शर्तों के आधार पर विकल्पों में सूचीबद्ध कार्रवाई में से एक करनी होगी। संदर्भ दिनांक 1.2.2017 है। आपको प्रश्न में दी गई जानकारी के अलावा अन्य किसी भी चीज पर विचार नहीं करना है।

दिव्या एक मैकेनिकल इंजीनियर है और पिछले एक वर्ष से एक सहायक इंजीनियर के रूप में काम कर रही है। उसने स्नातक और एच.एस.सी. में क्रमश: 82% और 87% अंक प्राप्त किए थे। उसने अभी 25 वर्ष की उम्र पूर्ण की है।

(a) उम्मीदवार का चयन किया जाना चाहिए।

(b) उसके मामले को अध्यक्ष के पास भेजा जाना चाहिए।


(c) उसके मामले को निदेशक के पास भेजा जाना चाहिए।

(d) उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना चाहिए।

**उत्तर—(d)**

प्रश्नानुसार, दिव्या केवल एक वर्ष से कार्यरत है, जबकि प्रश्न के शर्त (II) के अनुसार कम-से-कम दो वर्ष का कार्य का अनुभव होना चाहिए। अतः दिव्या का चयन नहीं हो सकता है। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**99. अश्विनी के पास विभिन्न पैटर्न वाले पांच वर्ग हैं। हालांकि इन वर्गों में से एक अन्य चार की भांति समान नहीं है। उस विषम वर्ग का चयन कीजिए।**




(1) (2) (3) (4) (5)

(a) 1 (b) 2

(c) 4 (d) 5


**उत्तर—(c)**

आकृति (4) में दोनों एल अर्थात '╗|' की दिशा एक ही तरफ है। अन्य सभी आकृतियों में दोनों की दिशाएं एक-दूसरे के विपरीत हैं।




अतः विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

**100. Scale : 1 S.q. unit = 5%**




**उपर्युक्त ग्राफ का निरीक्षण करें जो पिछले कुछ वर्षों के लिए एक विद्यालय के कक्षा X और XI के परिणामों की जानकारी देता है। किस वर्ष में दोनों कक्षाओं ने उस विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था?**

(a) 2008-09 (b) 2009-10

(c) 2005-06 (d) 2007-08

**उत्तर—(b)**

ग्राफ से स्पष्ट है कि वर्ष 2009-10 में दोनों कक्षाओं ने विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

2009-10 में कक्षा (Class) X = 95

2009-10 में कक्षा (Class) XI = 97.5

अतः विकल्प (b) सही उत्तर होगा।

# सामान्य जानकारी

**101. निम्नलिखित में से कौन एक प्राइमरी स्टोरेज डिवाइस है?**

(a) हार्ड डिस्क

(b) रैंडम एक्सेस मेमोरी

(c) मैग्नेटिक टेप

(d) ऑप्टिकल डिस्क

**उत्तर—(b)**

वह मेमोरी यूनिट जो सीधे सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट से संपर्क रखता है तथा हर समय कंप्यूटर से जुड़ा रहता है, प्राथमिक या मुख्य मेमोरी कहलाता है। प्राइमरी स्टोरेज की मेमोरी रैंडम एक्सेस मेमोरी (RAM) एक अस्थायी (Volatile) मेमोरी है, जहां डाटा और सूचनाओं को अस्थायी तौर पर रखा जाता है। इसमें संग्रहीत सूचना को बदला जा सकता है। कंप्यूटर की पॉवर सप्लाई बंद कर देने पर रैम में संग्रहीत डाटा समाप्त हो जाता है। हार्ड डिस्क, मैग्नेटिक टेप और ऑप्टिकल डिस्क द्वितीयक या सहायक मेमोरी हैं।

**102. निम्न में से कौन एक प्रोग्रामिंग सॉफ्टवेयर है?**

(a) डिस्क क्लीनअप

(b) विंडोज

(c) डिस्क डेफ्राग्मेंटर

(d) विजुअल बेसिक

**उत्तर—(d)**

विजुअल बेसिक (Visual Basic), माइक्रोसॉफ्ट द्वारा इसके Com प्रोग्रामिंग मॉडल (प्रतिरूप) के लिए विकसित किया गया तीसरी पीढ़ी का इवेंट-ड्राइवेन प्रोग्रामिंग लैंग्वेज और इंटिग्रेटेड डेवलपमेंट एनवायरनमेंट (IDE) है। यह ग्राफिकल यूजर इंटरफेस (GUI) के रैपिड एप्लीकेशन डेवलपमेंट (RAD), डेटा एक्सेस ऑब्जेक्ट्स, रिमोट डेटा ऑब्जेक्ट्स या एक्टिव-एक्स डेटा ऑब्जेक्ट्स के द्वारा डेटाबेस के एक्सेस और एक्टिव और एक्टिव-एक्स कंट्रोल्स और ऑबजेक्ट्स के निर्माण को सक्षम बनाता है।

**103. कंप्यूटर के संदर्भ में जिस तरीके से कोई विरोधी सिस्टम में प्रवेश कर सकता है और संभावित रूप से क्षति का कारण बन सकता है उसे क्या कहते हैं?**

(a) हमला सतह/अटैक सरफेस

(b) हमला हस्ताक्षर/अटैक सिग्नेचर

(c) हमला पैटर्न/अटैक पैटर्न

(d) हमला पथ/अटैक पाथ

**उत्तर—(a)**

कंप्यूटर के संदर्भ में 'हमला सतह' (Attack Surface) वह तरीका है जिससे कोई विरोधी सिस्टम में प्रवेश कर सकता है और संभावित रूप से क्षति का कारण बन सकता है।

**104. सुरक्षा सेवाओं जैसे गोपनीयता, डेटा अखंडता, इकाई प्रमाणीकरण और डेटा मूल प्रमाणीकरण प्रदान करने के लिए गणितीय तकनीकों का उपयोग क्या कहा जाता है?**

(a) क्रिप्टोलॉजी (b) क्रिप्टोग्राफी

(c) क्रिप्टोग्राफिक एल्गोरिदम (d) क्रिप्टएनालिसिस

**उत्तर—(b)**

क्रिप्टोग्राफी सामान्य तौर पर वह प्रक्रिया है, जिसके द्वारा किसी भी साधारण लेख को अनजान और किसी अनजान लेख को विशेष तौर पर चिह्नित किया जाता है। यह प्रक्रिया डेटा को निर्धारित और नियंत्रित करती है ताकि अन्य इसे न देख सकें और न ही पढ़ सकें। क्रिप्टोग्राफी न केवल चोरी या परिवर्तन से डेटा की रक्षा करता है बल्कि उपयोगकर्ता के प्रमाणीकरण के लिए भी इसका उपयोग किया जाता है।

**105. उत्तर प्रदेश में कृषि के लिए प्रयुक्त भूमि का प्रतिशत क्या है?**

(a) 56.7 (b) 60.7

(c) 64.7 (d) 68.7

**उत्तर—(d)**

उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है और कुल जनसंख्या का 65 प्रतिशत कृषि पर निर्भर है। राज्य के आर्थिक विकास में कृषि क्षेत्र का योगदान महत्वपूर्ण है। वर्ष 2014-15 के सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 165.98 लाख हेक्टेयर (68.7%) भूमि का उपयोग कृषि के लिया किया जाता है।

**106. रामचरितमानस का कौन-सा काण्ड (अध्याय) सबसे छोटा है?**

(a) अरण्यकाण्ड (b) किष्किंधाकाण्ड

(c) सुन्दरकाण्ड (d) लंकाकाण्ड

**उत्तर—(b)**

'रामचरितमानस' 15वीं शताब्दी के कवि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा लिखा गया महाकाव्य है। रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास ने श्री रामचन्द्र के निर्मल एवं विशद चरित्र का वर्णन किया है। 'रामचरितमानस' में 7 काण्ड बालकाण्ड, अयोध्याकाण्ड, अरण्यकाण्ड, किष्किंधाकाण्ड, सुन्दरकाण्ड, लंकाकाण्ड और उत्तरकाण्ड है। किष्किंधाकाण्ड रामचरितमानस का सबसे छोटा काण्ड है, जिसमें 1 से 30 दोहे हैं।

**107. आलू के उत्पादन में भारत में उत्तर प्रदेश का स्थान क्या है?**

(a) पहला (b) दूसरा

(c) तीसरा (d) चौथा

**उत्तर—(a)**

आलू के उत्पादन में भारत में उत्तर प्रदेश का प्रथम स्थान है। 13851.76 हजार टन आलू का उत्पादन (2015-16) उत्तर प्रदेश में हुआ, जो सबसे अधिक है। उत्तर प्रदेश में आलू का उत्पादन क्षेत्र 607.32 हजार हेक्टेयर है। दूसरे नंबर पर पश्चिम बंगाल (8427.00 हजार टन) आलू का उत्पादन करता है। तृतीय स्थान पर बिहार (6345.52 हजार टन) है। चतुर्थ स्थान पर गुजरात (3549.38 हजार टन) है।

**108. उत्तर प्रदेश के किस जिले में किछौछा दरगाह शरीफ स्थित है?**

(a) संत कबीर नगर (b) मिर्जापुर

(c) अंबेडकर नगर (d) सुल्तानपुर

**उत्तर—(c)**

किछौछा शरीफ प्रसिद्ध सूफी संत सैय्यद मखदूम अशरफ जहांगीर अशरफी के दरगाह के नाम से भी जाना जाता है। अशरफपुर किछौछा अंबेडकर नगर जिले में एक छोटा कस्बा है। किछौछा दरगाह शरीफ एक छोटी पहाड़ी पर बना है, जो कि एक ताल से घिरा हुआ है। ऐसा विश्वास है कि तालाब के पानी में उपचार के चमत्कारिक गुण हैं।

**109. श्रीमती एन. राजम का संबंध निम्नलिखित में से किस एक वाद्य यंत्र से है?**

(a) सितार (b) वायलिन

(c) तानपुरा (d) बांसुरी

**उत्तर—(b)**

श्रीमती एन. राजम एक प्रसिद्ध वायलिन वादक हैं, जो हिंदुस्तान शास्त्रीय संगीत परंपरा से संबंधित हैं। एन. राजम को भारत सरकार द्वारा वर्ष 2004 में कला के क्षेत्र में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

**110. इलाहाबाद में किस वर्ष अगले अर्ध कुम्भ का आयोजन किया जाना है?**

(a) 2019 (b) 2020

(c) 2021 (d) 2022

**उत्तर—(a)**

ROJGAR With ANKIT

कुम्भ पर्व विश्व का सबसे बड़ा सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन है। कुम्भ मेला, 2019 का आयोजन इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में किया गया, जो 15 जनवरी, 2019 से 4 मार्च, 2019 के मध्य संपन्न हुआ। कुम्भ का शाब्दिक अर्थ होता है 'अमृत कलश'। इसका आयोजन हरिद्वार, नासिक, उज्जैन और प्रयागराज में होता है।

**111. निम्नलिखित में से किस अवसर पर सोहर लोकगीत का गायन किया जाता है?**

(a) बच्चे के जन्म पर (b) नामांकरण
(c) मुंडन (d) विवाह

**उत्तर—(a)**

सोहर घर में संतान होने पर गाया जाने वाला मंगल गीत है। इन गीतों में संतान के जन्म, उससे संबंधित कहानियों और उत्सवों के सुंदर वर्णन मिलते हैं।

**112. लट्ठमार होली के लिए निम्न में से कौन-सा स्थान प्रसिद्ध है?**

(a) वृंदावन (b) गोवर्धन
(c) बरसाना (d) गोकुल

**उत्तर—(c)**

राधा के जन्म स्थान बरसाना की लट्ठमार होली अपने अनूठे तरीके के लिए विश्व प्रसिद्ध है। बरसाना की लट्ठमार होली भगवान कृष्ण के काल में उनके द्वारा की जाने वाली लीलाओं की पुनरावृत्ति जैसी है।

**113. 'मिट्टी की बारात' नामक कविता संग्रह के लेखक कौन हैं?**

(a) जयशंकर प्रसाद (b) शिवमंगल सिंह सुमन
(c) महादेवी वर्मा (d) मैथिलीशरण गुप्त

**उत्तर—(b)**

'मिट्टी की बारात' हिंदी के विख्यात साहित्यकार शिवमंगल सिंह सुमन द्वारा रचित एक कविता संग्रह है, जिसके लिए उन्हें वर्ष 1974 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**114. निम्नलिखित में से किस शहर में सेंट्रल फुटवियर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट स्थित है?**

(a) कानपुर (b) लखनऊ
(c) आगरा (d) नोएडा

**उत्तर—(c)**

सेंट्रल फुटवियर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आगरा में स्थित है। भारत सरकार ने जूता उद्योग के विकास के लिए आगरा में वर्ष 1963 में लघु उद्योग विकास संस्थान के रूप में सेंट्रल फुटवियर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट की स्थापना की। वर्ष 1966 में यह स्वतंत्र संस्था के रूप में भारत सरकार की संस्था बन गई।

**115. 2011 की जनगणना के अनुसार, उत्तर प्रदेश के किस जिले की जनसंख्या सर्वाधिक है?**

(a) इलाहाबाद (b) आगरा
(c) मुरादाबाद (d) गाजियाबाद

**उत्तर—(a)**

जनगणना, 2011 के अंतिम आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश के जिलों में सर्वाधिक जनसंख्या क्रमशः (घटते क्रम में) - इलाहाबाद (अब प्रयागराज), मुरादाबाद, गाजियाबाद, आजमगढ़ एवं लखनऊ की है।

**116. चोल अभिलेखों के अनुसार, जैन सभाओं को दान में दिए जाने वाले भूमि को क्या कहा जाता था?**

(a) वेल्लान्वगाई (b) शालाभोगा
(c) पल्लीच्छान्दम (d) ब्रह्मदेया

**उत्तर—(c)**

चोल अभिलेखों के अनुसार, जैन सभाओं को दान में दिए जाने वाली भूमि को 'पल्लीच्छान्दम' कहा जाता था। गैर-ब्राह्मणों को दी जाने वाली भूमि को 'वेल्लान्वगाई' कहा जाता था। स्कूलों, विद्यालयों की व्यवस्था के लिए दान में दी गई भूमि को 'शालाभोगा' कहा जाता था। ब्राह्मणों को दान में दी गई भूमि को 'ब्रह्मदेया' कहा जाता था।

**117. किस शासक ने भारत में तुगलक वंश की नींव रखी थी?**

(a) फिरोजशाह तुगलक
(b) गयासुद्दीन तुगलक
(c) अलाउद्दीन सिकंदर शाह
(d) मुहम्मद बिन तुगलक

**उत्तर—(b)**

भारत में तुगलक वंश की स्थापना गयासुद्दीन तुगलक (गाजी मलिक) ने 1320 ई. में की थी। सिंचाई हेतु नहर निर्माण कराने वाला गयासुद्दीन पहला शासक था।

**118. निम्न में से किस शासक की मृत्यु उसके पुस्तकालय की सीढ़ियों से गिरकर हुई थी?**

(a) जहांगीर (b) शाहजहां
(c) बाबर (d) हुमायूं

**उत्तर—(d)**

हुमायूं की मृत्यु दिल्ली में दीनपनाह भवन में स्थित पुस्तकालय की सीढ़ियों से गिरकर हुई थी। लेनपूल ने हुमायूं पर टिप्पणी करते हुए कहा-''हुमायूं जीवनभर लड़खड़ाता रहा और लड़खड़ाते हुए अपनी जान दे दी।''

**119. विश्व प्रसिद्ध मोर सिंहासन का निर्माण और उसकी लाल किले में स्थापना निम्न में से किस मुगल शासक ने की थी?**

(a) शाहजहां (b) जहांगीर
(c) अकबर (d) बहादुरशाह I

**उत्तर—(a)**

शाहजहां ने 1648 ई. में दिल्ली (शाहजहांनाबाद) में एक चतुर्भुज आकार का किला बनवाया था। जो लाल बलुआ पत्थर से निर्मित होने के कारण 'लाल-किले' के नाम से प्रसिद्ध हुआ। इसी किले के 'दीवाने आम' के पीछे की दीवार में बना एक कोष्ठ जहां पर विश्व प्रसिद्ध 'तख्ते ताउस' रखा जाता था, जिसे 'मयूर सिंहासन' कहा जाता था।

**120. बोधगया एक महत्वपूर्ण बौद्ध तीर्थ केंद्र क्यों है?**

(a) क्योंकि गौतम बुद्ध यहां पैदा हुए थे।

(b) क्योंकि गौतम बुद्ध ने यहां ज्ञान प्राप्त किया था।

(c) क्योंकि गौतम बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त करने के बाद यहां अपना पहला उपदेश दिया था।

(d) क्योंकि गौतम बुद्ध ने यहां निर्वाण प्राप्त किया था।

**उत्तर—(b)**

6 वर्ष तक अथक परिश्रम एवं घोर तपस्या के बाद 35 वर्ष की आयु में वैशाख पूर्णिमा की एक रात पीपल (वट) वृक्ष के नीचे निरंजना (पुनपुन) नदी के तट पर उरुवेला (बोधगया) में बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ।

**121. महात्मा गांधी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निम्नलिखित सत्रों में से किसकी अध्यक्षता की थी?**

(a) 1922; गया (b) 1923; दिल्ली

(c) 1924; बेलगाम (d) 1925; कानपुर

**उत्तर—(c)**

दिसंबर, 1924 में बेलगाम (कर्नाटक) में हुए कांग्रेस के वार्षिक अधिवेशन की अध्यक्षता महात्मा गांधी ने की थी।

**122. भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान 1932 में ग्रेट ब्रिटेन के किस प्रधानमंत्री ने सांप्रदायिक पुरस्कार की घोषणा की थी?**

(a) स्टेनली बाल्डविन

(b) नेविल चेम्बरलेन

(c) सर विंस्टन चर्चिल

(d) जेम्स रामसे मैकडॉनल्ड्स

**उत्तर—(d)**

ब्रिटिश प्रधानमंत्रा जेम्स रामसे मैकडॉनल्ड्स ने 16 अगस्त, 1932 को विभिन्न संप्रदायों के प्रतिनिधित्व के विषय पर एक पंचाट जारी किया, जिसे सांप्रदायिक पंचाट (कम्युनल अवॉर्ड) कहा गया। इस पंचाट में पृथक निर्वाचन पद्धति को न केवल मुसलमानों के लिए जारी रखा गया बल्कि इसे दलित वर्गों पर भी लागू कर दिया गया।

**123. निम्न में से किस शहर में स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद ने ब्रिटिश पुलिस द्वारा घिर जाने पर खुद को गोली मार ली थी?**

(a) भोपाल (b) इलाहाबाद

(c) कानपुर (d) जबलपुर

**उत्तर—(b)**

हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के एकमात्र सदस्य चंद्रशेखर आजाद जो काकोरी षड्यंत्र केस से पुलिस को चकमा दे रहे थे, लाहौर षड्यंत्र केस से भी बच निकले थे लेकिन 27 फरवरी, 1931 को इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के अल्फ्रेड पार्क में पुलिस के द्वारा घिर जाने पर खुद को गोली मार ली थी।

**124. निम्नलिखित में से किस नदी का समागम अरब सागर में है?**

(a) नर्मदा (b) गोदावरी

(c) कृष्णा (d) कावेरी

**उत्तर—(a)**

नर्मदा नदी मध्य प्रदेश में अमरकंटक पहाड़ी से निकलकर पश्चिम की ओर 1289 किमी. लंबाई में प्रवाहित होती हुई अरब सागर से कैम्बे की खाड़ी में समुद्र से मिल जाती है। यह नदी विंध्य एवं सतपुड़ा श्रेणियों के मध्य भ्रंश (Rift) घाटी से होकर प्रवाहित होती है।

**125. भद्रा वन्यजीव अभयारण्य किस राज्य में स्थित है?**

(a) केरल (b) मध्य प्रदेश

(c) कर्नाटक (d) उत्तर प्रदेश

**उत्तर—(c)**

भद्रा वन्यजीव अभयारण्य कर्नाटक राज्य में स्थित है। यह हाथियों के लिए रिजर्व है। 490 वर्ग किलोमीटर के विशाल क्षेत्र में फैला यह अभयारण्य पश्चिमी घाटों के सूखे और नर्म पर्णपाती जंगलों के बीच स्थित है। इस अभयारण्य में तेंदुआ, हाथी, गौर, सांभर, बाघ, हिरण, काकड़ और साही जैसे जानवरों की विभिन्न प्रजातियां पाई जाती हैं।

**126. निम्नलिखित में से किस राज्य में भारत में जनसंख्या का घनत्व सबसे कम है?**

(a) मिजोरम (b) सिक्किम

(c) नगालैंड (d) अरुणाचल प्रदेश

**उत्तर—(d)**

जनगणना 2011 के अंतिम आंकड़ों के अनुसार, भारत का सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य अरुणाचल प्रदेश (17 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी.) है। दूसरे स्थान पर मिजोरम (52 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी.) राज्य है। सिक्किम का जनसंख्या घनत्व 86 व्यक्ति प्रतिवर्ग किमी. है। नगालैंड का जनसंख्या घनत्व 119 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी. है।

**127. डेन्यूब नदी का उद्गम किस देश में है?**

(a) हंगरी (b) जर्मनी

(c) रोमानिया (d) ऑस्ट्रिया

**उत्तर—(b)**

ROJGAR With ANKIT

डेन्यूब नदी मध्य यूरोप में बहने वाली एक नदी है। यह जर्मनी के काले वन के पहाड़ों में स्थित दोनाउएशिंगन कस्बे के पास शुरू होती है और फिर दक्षिण-पूर्व को बहती है। डेन्यूब नदी दस देशों से गुजरती है-जर्मनी, ऑस्ट्रिया, स्लोवाकिया, हंगरी, क्रोएशिया, सर्बिया, बुल्गारिया, मोल्दोवा, यूक्रेन और रोमानिया। वोल्गा नदी के बाद डेन्यूब यूरोप की दूसरी सबसे लंबी नदी है।

**128. क्षेत्रफल के आधार पर सबसे बड़ा महाद्वीप निम्न में से कौन-सा है?**

(a) उत्तर अमेरिका (b) दक्षिण अमेरिका
(c) एशिया (d) अफ्रीका

**उत्तर—(c)**

एशिया महाद्वीप क्षेत्रफल और जनसंख्या दोनों ही दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा महाद्वीप है, जो उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है। एशिया महाद्वीप का क्षेत्रफल 17139445 वर्ग मील है। जबकि अफ्रीका महाद्वीप का क्षेत्रफल 11677239 वर्ग मील, उत्तर अमेरिका महाद्वीप का क्षेत्रफल 9361791 वर्ग मील, दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप का क्षेत्रफल 6880706 वर्ग मील है।

**129. चमेरा बांध किस नदी पर बनाया गया है?**

(a) सतलुज (b) रावी
(c) व्यास (d) चिनाब

**उत्तर—(b)**

चमेरा बांध हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में स्थित है। यह रावी (Ravi) नदी पर बनाया गया है। इस परियोजना के द्वारा लगभग 1100 मेगावॉट ऊर्जा उत्पन्न की जाती है।

**130. गैलेरेस ज्वालामुखी किस देश में स्थित है?**

(a) कोलम्बिया (b) मेक्सिको
(c) इटली (d) हवाई

**उत्तर—(a)**

गैलेरेस (Galeras) ज्वालामुखी कोलम्बिया देश में स्थित है। यह ज्वालामुखी कोलम्बिया के सबसे अधिक सक्रिय ज्वालामुखी में से एक है।

**131. थोसेघर वाटरफॉल किस राज्य में स्थित है?**

(a) महाराष्ट्र (b) कर्नाटक
(c) ओडिशा (d) मध्य प्रदेश

**उत्तर—(a)**

थोसेघर (Thoseghar waterfall) जलप्रपात महाराष्ट्र में कोंकण क्षेत्र में स्थित है। यह सतारा शहर से लगभग 35 किमी. की दूरी पर छोटे से गांव के पास स्थित है।

**132. पृथ्वी के उत्तरी गोलार्द्ध में रहने वाली कुल मानव आबादी का अनुमानित प्रतिशत क्या है?**

(a) 60 (b) 70
(c) 80 (d) 90

**उत्तर—(d)**

उत्तरी गोलार्द्ध पृथ्वी का वह भाग है, जो भूमध्य रेखा के उत्तर में है। उत्तरी गोलार्द्ध में रहने वाली कुल मानव आबादी का अनुमानित 90 प्रतिशत है।

**133. श्री रामनाथ कोविंद भारत के __________राष्ट्रपति हैं।**

(a) 16वें (b) 14वें
(c) 12वें (d) 11वें

**उत्तर—(b)**

श्री रामनाथ कोविंद 20 जुलाई, 2017 को भारत के 14वें राष्ट्रपति निर्वाचित हुए। इन्होंने 25 जुलाई, 2017 को भारत के राष्ट्रपति पद की शपथ लिया। वे राज्य सभा सदस्य तथा बिहार राज्य के राज्यपाल भी रह चुके हैं।

**134. भारत के संविधान के अनुच्छेद 243-I के अनुसार, पंचायतों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा के लिए वित्त आयोग का गठन कब किया जाता है?**

(a) हर छठें वर्ष की समाप्ति पर
(b) हर पांचवें वर्ष की समाप्ति पर
(c) हर दूसरे वर्ष की समाप्ति पर
(d) हर तीसरे वर्ष की समाप्ति पर

**उत्तर—(b)**

भारत के संविधान के अनुच्छेद 243झ (i) के अनुसार, वित्तीय स्थिति के पुनर्विलोकन के लिए वित्त आयोग के गठन का प्रावधान है। राज्य का राज्यपाल संविधान (73वां संशोधन) अधिनियम, 1992 के प्रारंभ से एक वर्ष के भीतर यथाशीघ्र और तत्पश्चात प्रत्येक पांचवें वर्ष की समाप्ति पर वित्त आयोग का गठन करेगा, जो पंचायतों की वित्तीय स्थिति का पुनर्विलोकन करेगा।

**135. भारत के संविधान के _________के अनुसार, राष्ट्रपति के पास अध्यादेश जारी करने की शक्ति है।**

(a) अनुच्छेद 123 (b) अनुच्छेद 121
(c) अनुच्छेद 125 (d) अनुच्छेद 127

**उत्तर—(a)**

भारत के संविधान का अनुच्छेद 123 राष्ट्रपति को किसी भी विषय पर अध्यादेश जारी करने का विशेषाधिकार देता है। राष्ट्रपति ऐसे समय में अध्यादेश पारित कर सकते हैं, जब संसद सत्र में न हो लेकिन विषय इतना गंभीर और अनिवार्य होना चाहिए जिसे संसद सत्र के शुरू होने तक टाला न जा सके।

**136. राज्य सभा के मनोनीत सदस्यों की कुल संख्या क्या है?**

(a) 17 (b) 19
(c) 15 (d) 12

**उत्तर—(d)**

ROJGAR With ANKIT

राज्य सभा भारतीय संसद की ऊपरी प्रतिनिधि सभा है। राज्य सभा में वर्तमान में 245 सदस्य हैं, जिनमें 12 सदस्य राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत होते हैं। राज्य सभा में सदस्य 6 वर्ष के लिए चुने जाते हैं, जिनमें से 1/3 सदस्य प्रत्येक दो वर्ष में सेवानिवृत्त होते हैं। संविधान के अनुच्छेद 80 में राज्य सभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या 250 निर्धारित है, जिनमें से 12 सदस्य राष्ट्रपति द्वारा नाम निर्देशित किए जाते हैं जो साहित्य, विज्ञान, कला और समाज सेवा जैसे विषयों के संबंध में विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव रखते हों।

**137. __________ को विधानसभा का सत्रावसान करने की शक्ति होती है।**

(a) राज्यपाल (b) प्रधानमंत्री
(c) उपराष्ट्रपति (d) मुख्यमंत्री

**उत्तर—(a)**

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 174 के अनुसार, विधानसभा का सत्र आहूत, सत्रावसान और विघटन करने की शक्ति राज्यपाल में निहित होती है। किसी भी सत्र की अंतिम बैठक और आगामी सत्र की प्रथम बैठक के लिए नियत तारीख के बीच 6 माह से अधिक का अंतर नहीं होना चाहिए। विधानसभा के प्रत्येक सत्र की प्रथम बैठक राष्ट्रगान से प्रारंभ होती है और सत्र की अंतिम बैठक राष्ट्रगीत से समाप्त होती है।

**138. प्रथम मोबाइल ओपन एक्सचेंज जोन का उद्‌घाटन कहां किया गया है?**

(a) अहमदाबाद (b) गुरुग्राम
(c) चंडीगढ़ (d) नोएडा

**उत्तर—(d)**

उत्तर प्रदेश के नोएडा में देश के पहले मोबाइल ओपन एक्सचेंज (MOX) जोन का उद्‌घाटन किया गया। मोबाइल ओपन एक्सचेंज मोबाइल उद्योग के लिए समर्पित पारिस्थितिकी तंत्र होगा, जो मोबाइल निर्माताओं, अनुसंधानों और विकास और संबद्ध उद्योगों को एकीकृत मंच प्रदान करेगा।

**139. 2018 के ए.टी. कीर्नी एफ.डी.आई. कॉन्फिडेंस इंडेक्स में भारत का स्थान क्या था?**

(a) 25वां (b) 11वां
(c) 36वां (d) 74वां

**उत्तर—(b)**

मई, 2018 में वैश्विक परामर्श फर्म ए.टी. कीर्नी द्वारा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश विश्वास सूचकांक, 2018 जारी किया गया। इस सूचकांक में 25 देशों/अर्थव्यवस्थाओं को शामिल किया गया। संयुक्त राज्य अमेरिका (6वीं बार) को इस सूचकांक में शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ। इस सूचकांक में भारत को 11वां स्थान प्राप्त हुआ। इसका स्कोर –1.56 है।

**140. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आर.आर.बी.) के पुनर्पूंजीकरण की योजना को __________ तक विस्तार की मंजूरी दे दी है।**

(a) 2020 (b) 2022
(c) 2025 (d) 2030

**उत्तर—(a)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRB) के पुनर्पूंजीकरण की योजना को अगले तीन वर्षों तक यानी 2019-20 तक विस्तार की मंजूरी दे दी है। इससे आर.आर.बी. को न्यूनतम निर्धारित पूंजी से जोखिम भारित परिसंपत्तियों के अनुपात (CRAR) को 9 प्रतिशत तक बनाए रखने में सक्षम होगा।

**141. विश्व बाघ दिवस (वर्ल्ड टाइगर डे) कब मनाया जाता है?**

(a) 21 अप्रैल को (b) 23 मई को
(c) 18 जून को (d) 29 जुलाई को

**उत्तर—(d)**

29 जुलाई को विश्व बाघ दिवस मनाया जाता है। पूरे विश्व में बाघों की तेजी से घटती आबादी के प्रति संरक्षण के लिए जागरूकता को बढ़ाने के लिए 29 जुलाई, 2010 में रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में बाघ सम्मेलन में प्रतिवर्ष विश्व बाघ दिवस मनाने का फैसला लिया गया।

**142. भारत का पहला वैश्विक गतिशीलता शिखर सम्मेलन (ग्लोबल मोबिलिटी समिट) कहां आयोजित किया गया था?**

(a) नई दिल्ली (b) पुणे
(c) लखनऊ (d) मुंबई

**उत्तर—(a)**

7-8 सितंबर, 2018 के मध्य भारत का पहला मूव-ग्लोबल मोबिलिटी शिखर सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन से सरकार के लक्ष्यों–बिजली से चलने वाले वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण तथा रोजगार के अवसरों के निर्माण को प्रोत्साहन मिलेगा।

**143. निम्नलिखित सरकारों में से किसने सूर्यशक्ति किसान योजना का प्रारंभ किया है?**

(a) मध्य प्रदेश (b) महाराष्ट्र
(c) गुजरात (d) ओडिशा

**उत्तर—(c)**

गुजरात सरकार ने किसानों की बिजली समस्या के स्थायी समाधान हेतु 870 करोड़ रुपये की लागत से सूर्यशक्ति किसान योजना शुरू किया है। सरकार किसानों को खेतों में सोलर पैनल लगाने के लिए एक बड़ी राशि की सब्सिडी भी देगी। सरकार ने प्रतिवर्ष 175 मेगावॉट बिजली प्राप्त होने का लक्ष्य रखा है। इस योजना के तहत किसानों को कम वोल्टेज की समस्या के बिना दिन में 12 घंटे बिजली मिलेगी।

**144. हरियाणा सरकार द्वारा अपने पंचायतों को स्टार रैंकिंग देने के लिए शुरू की गई 7-सितारा ग्राम पंचायत इंद्रधनुष योजना कितने सामाजिक मानकों पर आधारित है?**

(a) 9 (b) 7

(c) 5 (d) 3

**उत्तर—(b)**

हरियाणा सरकार ने सात सामाजिक मानकों-लिंग अनुपात, शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सुशासन, अपराध मुक्त और सामाजिक भागीदारी के आधार पर अपनी पंचायतों को स्टार रैंकिंग देने के लिए 7-Star ग्राम पंचायत इंद्रधनुष योजना शुरू की है। इस योजना के तहत 1120 गांवों ने रैंकिंग हासिल की है। स्टार रैंकिंग में प्रथम तीन स्थान पर क्रमशः अंबाला, गुरुग्राम और करनाल हैं।

**145. तेलंगाना पुलिस ने राज्य के पूरे पुलिस विभाग के व्यावसायिक संचार और सहयोग की जरूरतों का समर्थन करने के लिए ____________मोबाइल एप्लीकेशन लांच किया है।**

(a) पीपल कनेक्ट (b) क्राइम कनेक्ट

(c) लॉ कनेक्ट (d) सी.ओ.पी. कनेक्ट

**उत्तर—(d)**

तेलंगाना पुलिस ने राज्य के पूरे पुलिस विभाग के पेशेवर संचार और सहयोग की जरूरतों का समर्थन करने के लिए 'CoP Connect' मोबाइल एप्लीकेशन लांच किया है। इस ऐप में नियमित मोबाइल मैसेजिंग ऐप के सभी फीचर हैं और यह चैटिंग, ग्रुप चैट्स, फाइल शेयरिंग और लोकेशन शेयरिंग के लिए सक्षम है। यह राज्य के 31 जिलों में 60,000 से अधिक पुलिस बलों को जोड़ने में मदद करेगा।

**146. हाल ही में निम्नलिखित में से किसको त्रिपुरा का राज्यफल घोषित किया गया है?**

(a) क्वीन अनानास (b) किंग ऑरेंज

(c) प्रिंस आम (d) क्वीन लिची

**उत्तर—(a)**

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 'क्वीन अनानास' को त्रिपुरा का राजकीय फल घोषित किया। त्रिपुरा राज्य क्वीन अनानास का अच्छा उत्पादक राज्य है। त्रिपुरा से ही विभिन्न देशों में क्वीन अनानास का निर्यात होता है।

**147. नाबार्ड (NABARD) का विस्तृत रूप क्या है?**

(a) नेशनल एग्रीकल्वरल बैंक फॉर एग्रो एंड रूरल डेवलपमेंट

(b) नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट

(c) नेशनल बैंक फॉर एसेट एंड रूरल डेवलपमेंट

(d) न्यू बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट

**उत्तर—(b)**

नाबार्ड (NABARD) का पूरा नाम राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (National Bank for Agriculture and Rural Development) है। इस बैंक की स्थापना ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए की गई थी। इसकी स्थापना 12 जुलाई, 1982 को शिवरामन समिति की सिफारिशों के आधार पर की गई थी, यह बैंक मुंबई (महाराष्ट्र) में स्थित है।

**148. निम्नलिखित देशों में से कौन-सा दुनिया का सबसे बड़ा ट्रैक्टर बाजार है?**

(a) ब्राजील (b) अमेरिका

(c) रूस (d) भारत

**उत्तर—(d)**

ट्रैक्टर (कर्षित्र) आधुनिक कृषि के उपयोग में आने वाला प्रमुख उपकरण है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा ट्रैक्टर बाजार है। आज भारत में ट्रैक्टर बनाने वाली अनेकों कंपनियां हैं तथा कृषि में ट्रैक्टर का भरपूर उपयोग हो रहा है। दुनिया का सबसे बड़ा ट्रैक्टर प्लांट होशियारपुर (पंजाब) में है।

**149. 27-29 सितंबर, 2018 के दौरान 'अन्नपूर्णा-वर्ल्ड ऑफ फूड इंडिया' के 13वें संस्करण का आयोजन किस शहर में किया जाएगा?**

(a) मुंबई (b) दिल्ली

(c) भोपाल (d) पटना

**उत्तर—(a)**

27-29 सितंबर, 2018 के मध्य 'अन्नपूर्णा वर्ल्ड ऑफ फूड इंडिया' के 13वें संस्करण का आयोजन मुंबई में किया गया। यह व्यापार मेला Koelnmesse Ya Trade Fair Pvt. Ltd. और फेडरेशन ऑफ इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (FICCI) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।

**150. 2017-18 के दौरान निम्नलिखित में से कौन-सा देश दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक था?**

(a) जर्मनी

(b) भारत

(c) ऑस्ट्रेलिया

(d) दक्षिण अफ्रीका

**उत्तर—(b)**

वर्ष 2017-18 के दौरान भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक था। भारत में वर्ष 2017-18 के दौरान दूध उत्पादन विगत वर्ष (2016-17) की अपेक्षा 6.6 प्रतिशत बढ़कर 17.63 करोड़ टन रहा। विजन 2022 दस्तावेज के अनुसार, वर्ष 2021-22 तक दूध उत्पादन 25.45 करोड़ टन रहने का अनुमान है। भारत के बाद अमेरिका फिर चीन का नंबर आता है। 1 जून को विश्व दुग्ध दिवस के रूप में मनाया जाता है।